

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

**10** हिंदू-चीनी भाई-भाई की राह पर अडानी, चीन में खड़ी..... | सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए...... **10**

वर्ष : 15 | अंक : 195 | नई दिल्ली, सोमवार, 28 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# शाह ने बांगाल में किया राजनीतिक परिवर्तन का आह्वान, ममता सरकार पर साधा निशाना

- शाह ने बांग्लादेश सीमा पर स्थित पेट्रापोल में नए यात्री टर्मिनल भवन और मैत्री द्वार का किया उद्घाटन

**कोलकाता, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बांग्लादेश सीमा पर स्थित पेट्रापोल में नए यात्री टर्मिनल भवन और मैत्री द्वार का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 सालों में देशभर में कई कार्य किए हैं। बंगाल के लोगों में कुछ नाराजगी हो सकती है, लेकिन चिंता न करें, 2026 के चुनावों के बाद भाजपा सरकार इस नाराजगी को दूर करेगी। मोदी सरकार के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के स्थलीय बंदरगाहों का व्यापक विकास हो रहा है। यहां के लोगों की जिंदगी में भी बदलाव लाया जा रहा है। शाह शनिवार रात कोलकाता पहुंचे हैं। बांग्लादेश सीमा के निकट बनगांव में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी तीखा हमला बोला।उन्होंने राजनीतिक संदेश देते हुए दावा किया कि भाजपा सत्ता में आने पर बंगाल से अवैध घुसपैठ की समस्या समाप्त कर देगी और सीमा पर सुरक्षा कड़ी की जाएगी। उन्होंने पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनावों में परिवर्तन लाने का आह्वान किया। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने इस कार्यक्रम में ममता सरकार पर जमकर निशाना



साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में सत्ता में आई तो बंगाल में अवैध घुसपैठ पूरी तरह से बंद कर दी जाएगी। उन्होंने राज्य में हो रहे भ्रष्टाचार पर भी तृणमूल सरकार को घेरा और कहा कि भाजपा का लक्ष्य सिर्फ विकास है। उन्होंने दावा किया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल को 7.74 करोड़ रुपये की सहायता दी है जबकि, ममता बनर्जी ने अपने कार्यकाल में इसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। उन्होंने यह भी बताया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत-बांग्लादेश के बीच व्यापार में बढ़ोतरी हुई है। उनके अनुसार जब मोदी सत्ता में आए, तब बांग्लादेश के साथ व्यापार 18 हजार करोड़ रुपये का था, जो अब 30 हजार करोड़ रुपये हो गया है। इससे राज्य में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। शाह ने दोपहर में कोलकाता वापस लौटकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यता अभियान का शुभारंभ करने का भी कार्यक्रम रखा है। सॉल्टलेक में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। हालांकि, शाह का बंगाल दौरा कुछ दिन पहले होना था, लेकिन चक्रवात 'दाना' के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। शनिवार को शाह ने राज्य में कदम रखते ही आगामी चुनावों की रणनीति का संकेत दिया, जिससे भाजपा के कार्यकताओं में उत्साह का संचार हुआ है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में 13 नवंबर को छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने वाले हैं। शाह के इस दौरे को भाजपा के लिए एक प्रेरणादायी संदेश माना जा रहा है, जो कार्यकताओं को आगामी उपचुनावों में मनोबल बढ़ाने में सहायक होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत अफ्रीका का समर्थन जारी रखेगाा : सीतारमण

वाशिंगटन। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी7 और जी20 से अफ्रीका के लिए समर्थन बढ़ाने का आग्रह करते हुये कहा है कि बुनियादी ढांचे के विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में अफ्रीका को तकनीकी विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की पेशकश करते हुए भारत अफ्रीका को हर तरह से समर्थन करना जारी रखेगा। श्रीमती सीतारमण ने रविवार को विश्व बैंक और अतंरराष्ट्रीय मुद्रा कोर्ष के अवसर पर अफ्रीका में विकास के लिए जी7 पहलों और विकास वित्त चुनौतियों के लिए देश-विशिष्ट समाधानों पर चर्चा करने के लिए जी7 अफ्रीकी मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। भारत और अफ्रीका के बीच गहरी साझेदारी को देखते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 मार्गदर्शक सिद्धांतों के साथ इस साझेदारी को फिर से परिभाषित किया है, जिसका उद्देश्य क्षमता निर्माण, बेहतर सार्वजनिक सेवाओं और जलवायु परिवर्तन से निपटने के माध्यम से अफ्रीका के विकास का समर्थन करना है। उन्होंने विकास के लिए दीर्घकालिक और किफायती वित्तपोषण तक पहुंच बढ़ाने का आग्रह किया, जिसमें संरचनात्मक सुधारों और नीतिगत उपायों द्वारा घरेलू संसाधन जुटाने को बढ़ावा दिया जाना चाहिए और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दीर्घकालिक वित्तीय लचीलापन बनाने के लिए विदेशी निवेश को आकर्षित करना चाहिए।

# प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के मामलों पर जताई चिंता, रुको, सोचो और एक्शन लो का मंत्र दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए इससे बचने के लिए रविवार को देशवासियों से रुको, सोचो और एक्शन लो का मंत्र साझा किया और इस बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 150वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि देश के रचनात्मक ऊर्जा की एक लहर चल रही है और एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया और मेड बाइ इंडियंस छाया हुआ है। उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति की राह पर है जबकि गेमिंग क्षेत्र का भी विस्तार हो रहा है और ये दुनिया में लोकप्रिय हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आत्मनिर्भर हो रहा भारत, हर क्षेत्र में कमाल कर रहा है। डिजिटल अरेस्ट से जुड़े एक फरेबी और पीड़ित के बीच बातचीत का वीडियो भी साझा किया और कहा कि कोई भी एजेंसी न तो धमकी देती है, न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है और न ही पैसों की मांग करती है। इंटरनेट के तेजी से बढ़ते उपयोग के बीच डिजिटल अरेस्ट फरेब का एक बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। इसमें किसी शख्स को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से अरेस्ट हो गया



है और उसे जुमार्ना देना होगा। कई लोग ऐसे मामलों में डर जाते हैं और शिकार बन जाते हैं। प्रधानमंत्री ने मन की बात के दर्शकों को विस्तार से बताया कि इस प्रकार के फरेब करने वाले गिरोह कैसे काम करते हैं और कैसे खतरनाक खेल खेलते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार होने वालों में हर वर्ग और हर उम्र के लोग हैं और वे डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गंवा देते हैं। उन्होंने कहा, इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आपको पता होना चाहिए कि कोई भी जांच एजेंसी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी नहीं करती। उन्होंने इससे बचने के लिए देशवासियों से रुको, सोचो और एक्शन लो का मंत्र साझा किया। उन्होंने कहा, ऐसे मामलों में घबराएं नहीं। शांत रहें। जल्दबाजी में कोई कदम ना उठाएं। किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी ना दें। संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसी धमकी नहीं देती और न ही पूछताछ करती है और न वीडियो कॉल पर ऐसे पैसे की मांग करती है। उन्होंने कहा, अगर डर लगे तो समझिए कुछ गड़बड़ है। प्रधानमंत्री ने लोगों से ऐसे मामलों में राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर डायल करने और साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर रिपोर्ट करने के अलावा परिवार और पुलिस को सूचना देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, सबूत सुरक्षित रखें। यह तीन चरण आपकी डिजिटल सुरक्षा का रक्षक बनेंगे। मैं फिर कहूंगा डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई चीज नहीं है। यह सिर्फ धोखाधड़ी है, झूठ है और फरेब है। बदमाशों का गिरोह ऐसा कर रहा है और जो लोग ऐसा कर रहे हैं वह समाज के दुश्मन हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर जो फरेब चल रहा है उससे निपटने के लिए तमाम जांच एजेंसी राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं और आपसी तालमेल के लिए नेशनल साइबर कोआर्डिनेशन केंद्र की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा, ऐसी धोखाधड़ी करने वाली हजारों वीडियो कॉलिंग आईडी को ब्लॉक किया गया है।

### मन की बात : पीएम मोदी ने लद्दाख में -30 डिग्री तापमान में स्थापित टेलीस्कोप का किया जिक्र

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश को 115 वीं बार संबोधित किया। इस कार्यक्रम में उन्होंने देश और दुनिया में भारत के बढ़ते हुए रुतबे, लोगों की पहुंच, उन्नति, आत्मनिर्भर भारत के अभियान के तहत की गई अतुलनीय वृद्धि को रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने अक्टूबर में लद्दाख में 4300 मीटर की ऊंचाई पर स्थापित एशिया के सबसे बड़े इमेजिंग टेलीस्कोप मेस का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा, अब आत्मनिर्भर भारत अभियान, एक जन अभियान बन रहा है। यह अभियान हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर रहा है। जैसे इसी महीने लद्दाख के हानले में हमने एशिया की सबसे बड़ी ह्यइमेजिंग टेलीस्कोप मेसह्ल का भी उद्घाटन किया है। ये 4300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह मेड इन इंडिया है। उन्होंने कहा, आत्मनिर्भरता हमारी सिर्फ पॉलिसी ही नहीं, यह हमारा पैशन बन गया है। इस योजना को शुरू किए अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं। आप 10 साल पहले चले जाइए, तब अगर कोई कहता था कि किसी जटिल तकनीक को भारत में विकसित करना है, तो लोगों को विश्वास नहीं होता था। कई लोग इसका उपहास उड़ाते थे। लेकिन आज वही लोग, देश की सफलता को देखकर अचंभे में पड़े रहते हैं। उन्होंने कहा, लद्धाख एक ऐसी जगह है, जहां ठंड -30 डिग्री सेंटीग्रेड से भी अधकि है। यहां ऑक्सीजन की कमी है। इसके बावजूद हमारे वैज्ञानिकों और स्थानीय उद्योग ने वो कर दिखाया, जो एशिया के किसी और देश ने नहीं किया। लद्दाख में स्थापित हान्ले टेलिस्कोप भले ही दूर की दुनिया देख रहा हो, लेकिन ये हमें आत्मनिर्भर भारत की ताकत भी दिखा रहा है। हम आत्मनिर्भर भारत से दुनिया में अग्रणी बन रहे हैं।

# बेहद खराब श्रेणी में दिल्ली की हवा, सुबह छाई धुंध की चादर



**नई दिल्ली, एजेंसी**

सर्दियों के आते ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या फिर से बढ़ने लगी है। रविवार को यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में रहा, जिसके कारण सुबह आकाश में धुंध की चादर देखने को मिली। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में रविवार सुबह 7:30 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 352 रहा। वहीं, दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 216, गुरुग्राम में 233 गाजियाबाद में 375, ग्रेटर नोएडा में 346 और नोएडा में 320 अंक रहा। दिल्ली के चार इलाकों में एक्यूआई लेवल 400 के ऊपर पहुंच गया है। जिसमें आनंद विहार में 405, जहांगीरपुरी में 408, नेहरू नगर में 405, विवेक विहार में 403 अंक बना हुआ है। वहीं इसके अलावा दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई लेवल 300 से 400 के बीच बना हुआ रहा। जिसमें अलीपुर में 400, अशोक विहार में 384, आया नगर में 329, बवाना में 398, चांदनी चौक में 318, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 346 और डीटीयू में 318 रहा। इसके अलावा द्वारका सेक्टर 8 में 339, आईजीआई एयरपोर्ट में 324, आईटीओ में 361, लोधी रोड में 305, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 370, मंदिर मार्ग में 352, मुंडका में 362, नरेला में 355, एनएसआईटी द्वारका में 349, नॉर्थ कैंपस डीयू में 367, ओखला फेस 2 में 347, पटपड़गंज में 340,पंजाबी बाग में 368, पूसा में 325, रोहिणी में 381, शादीपुर में 343, सिरी फोर्ट में 332, सोनिया विहार में 400, श्री अरविंदो मार्ग में 318, वजीरपुर में 392 अंक बना हुआ रहा। वहीं दिल्ली के तीन इलाकों में एक्यूआई लेवल 200 से ऊपर 300 के बीच रहा, जिसमें दिलशाद गार्डन में 281, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 292, नजफगढ़ में 266 दर्ज किया गया। बता दें केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड की तरफ जारी आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ज्यादा एक्यूआई दर्ज किया जा रहा है, जिससे लोगों को घर के बाहर सांस लेने में परेशानी उठानी पड़ रही है, जिसमें खासतौर पर बच्चे और बूढ़े शामिल हैं।

# मणिपुर हिंसा पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, लोकतंत्र कभी भी नहीं होता पूर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधति कयिा। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के विजन को पेश किया, साथ ही कई मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने ईरान-इजरायल युद्ध पर भी बयान दिया और कहा कि इन दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष पर मोदी सरकार की पैनी नजर है। साथ ही उन्होंने मणिपुर में चल रहे संघर्ष पर भी वचिार प्रकट कयिा। उन्होंने कहा, मणिपुर में कई समस्याएं हैं। इसके कई कारण हैं, जो काफी जटिल हैं। मणिपुर में संघर्ष का



कारण कुछ हद तक ऐतिहासिक भी है। साथ ही सीमा पर हो रही घटनाओं से भी हिंसा के तार जुड़े हैं। इसलिए, समस्याि के संबंध में एक राय नहीं है। उन्होंने कहा, ह्लेकिन मणिपुर के नाम पर, मुझे नहीं लगता कि भारत की छवि को नुकसान पहुंचाना या यह कहना सही है कि मणिपुर में कुछ गलत होने के कारण बाकी दुनिया को भारत से समस्या होने लगी है। यह एक राजनीतिक एजेंडा है, और मैं कहूंगा कि यह एक तरह से राष्ट्र विरोधी एजेंडा है। इसलिए हमें चीजों को परिप्रेक्ष्य में देखना चाहिए। लोकतंत्र कभी भी पूर्ण नहीं होता। वकिास का क्रम चलता रहता है। दुनिया में कसिी देश का लोकतंत्र आदर्श नहीं हैं। विदेश मंत्री ने कहा,ह्व विकासशील देशों को विकसित होना है। वकिसति देशों को और आगे बढ़ना है। एक देश के तौर पर हम अपनी एकता व अखंडता को बनाए हुए हैं। इसलिए मैं बहुत खुश हूं।

# भाजपा ने यमुना नदी की सफाई को लेकर आम आदमी पार्टी पर बोला हमला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने यमुना नदी की सफाई को लेकर आम आदमी पार्टी और प्रदेश सरकार पर हमला बोला है और कहा है कि छठ पूजा नजदीक है और हमारी माताएं और बहनें यमुना जी में भगवान सूर्य की आराधना करने या अर्घ्य देने आएंगी, वो यमुना जी में कैसे डुबकी लगा पाएंगी। श्री सचदेवा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय जी ने मेरे स्वास्थ्य की कामना की है। मैं उनका धन्यवाद देता हूँ, लेकिन मैं उनसे कहना चाहता हूँ कि मेरे लिए मेरे स्वास्थ्य से ज्यादा जरूरी है यमुना जी की सफाई। छठ पूजा नजदीक है, और हमारी माताएँ-बहनें जो यमुना जी में भगवान सूर्य की आराधना करने या सूर्य को अर्घ्य देने जाएँगी, वे किस तरह से माँ यमुना में डुबकी लगा पाएँगी? उन्होंने कहा , मेरी एक डुबकी ने बता दिया कि आप की भ्रष्ट सरकार ने माँ यमुना का क्या हाल कर रखा है। मैं अपनी दिल्ली की माताओं-बहनों और समस्त दिल्लीवासियों से कहना चाहता हूँ कि अब समय आ गया है जब हमें इस भ्रष्ट सरकार से मुक्ति लेनी होगी। केजरीवाल द्वारा प्रायोजित इस भ्रष्टतंत्र का अंत हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि श्री सचदेवा ने गत बुधवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना तथा आप नेताओं को चुनौती देते हुए यमुना में डुबकी लगाई थी, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था।

# मप्र कांग्रेस ने घोषित की नई कार्यकारिणी, किसे क्या जिम्मेदारी मिली

**भोपाल, एजेंसी**

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए जिम्मेदारी तय की है। घोषित पदाधिकारी सूची अनुसार कुल 177 सदस्यों की कार्यकारणी में 17 उपाध्यक्ष, 71 जनरल सेक्रेटरी, 16 एग्जीक्यूटिव कमेटी मेम्बंर बनाए गए हैं। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषणा कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की टीम में 17 उपाध्यक्ष, 71 महासचिव बनाए गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। दरअसल विधायक जयवर्धन सिंह को प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। जीतू की नई टीम में 16 कार्यकारी सदस्य, 33 स्थाई आमंत्रित सदस्य और 40 विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किए गए हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से यह लिस्ट जारी की गई है। घोषित नई कार्यकारिणी में आरिफ मसूद, जयवर्धन सिंह, फूल सिंह बरैया, प्रियव्रत सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा अभय दुबे, अनुमा आचार्य, आतिफ अकील, बाबू जंडेल को महासचिव बनाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन, पूर्व मंत्री ओमकार मरकाम, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, पूर्व विधायक कुणाल चौधरी, पूर्व विधायक निलांशु चतुवेर्दी, मनोज चौहान और भूपेन्द्र मरावी को भी जीतू पटवारी की टीम में स्थान मिला है। एक्सिक्यूटिव कमेटी मेंबर पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, कांतिलाल भूरिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह, अजय सिंह राहुल, मीनाक्षी नटराजन, विवेक तन्खा एक्सिक्यूटिव कमेटी मेंबर बनाए गए हैं। 17 उपाध्यक्ष विधायक आरिफ मसूद, विधायक जयवर्धन सिंह, पूर्व विधायक हिना कावरे, महेश परमार, सुखदेव पांसे, प्रियव्रत सिंह समेत 17 को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जीतू पटवारी ने दी बधाई नई कार्यकारिणी घोषित किए जाने के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए जीतू पटवारी ने उम्मीद जताई कि नई टीम से कांग्रेस को नई दिशा और ऊंचाइयाँ मिलेंगी।

**सेबी** | अर्थव्यवस्था का यह माहौल समृद्धि और नवप्रवर्तन को सक्षम तथा प्रभावी बनाने वाला नहीं है..................

# सेबी जैसी संवैधानिक संस्था में भ्रष्टाचार से गड़बड़ा रहा है आर्थिक आधार : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने मोदी सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं का पतन करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इससे भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार ही नहीं बढ़ा है बल्कि सेबी जैसी संस्थाओं में गड़बड़ी होने लगी है जिससे अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंच रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यहां जारी एक बयान में शनिवार को कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर हमला सबसे ज्यादा खतरनाक है। इससे देश की अर्थव्यवस्था में भ्रष्टाचार जड़ जमा रहा है और देश की विकास का आधार खोखला हो रहा है। उन्होंने कहा,संस्थागत पतन ने देश में भाई-भतीजावाद को बढ़ावा दिया है और हमारी अर्थव्यवस्था अब प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने की बजाय एकाधिकार को बढ़ावा दे रही है। छोटे और मध्यम व्यवसाय प्रतिगामी कर प्रणाली में फंस गए हैं, उद्यमियों को संघर्ष करना पड़ रहा है और खुदरा निवेशक अनिश्चित और असुरक्षित बाजार की ओर देख रहे हैं। अर्थव्यवस्था का यह माहौल समृद्धि और नवप्रवर्तन को सक्षम तथा प्रभावी बनाने वाला नहीं है। श्री गांधी ने प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड- सेबी प्रमुख मधुबी बुच पुरी पर लगे आरोपों का उल्लेख



करते हुए कहा,ह्लमाधवी बुच का घोटाला इस बात का उदाहरण है कि जब संस्थाएं ध्वस्त हो जाती हैं और भाईचारा हावी हो जाता है तो क्या होता है। जिन लोगों को आम भारतीयों और उनके निवेशों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों से इनकार कर दिया है और वे लोग खुद ही व्यापक पैमाने पर हो रहे भ्रष्टाचार और कदाचार में लिप्त हैं। इस घोटाले पर अब तक जो जानकारी सामने आई है वह बस एक शुरूआत भर है। भ्रष्टाचारियों को बचाने का काम एक बड़ा सिंडिकेट कर रहा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी लगातार इन मुद्दों को उठा रही है, कई घोटालों की जांच कर रही है और सच्चाई को उजागर कर रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने इस मुद्दे पर सवाल किया,ह्लशेयर बाजार में 10 करोड़ छोटे और मझोले निवेशकों की मेहनत की कमाई में हेराफेरी कौन कर रहा है। सरकार जवाब दे कि सेबी चेयरमैन पर लगे घोटालों को लेकर उन्हें संसदीय जांच से क्यों बचा रही है। सवाल यह भी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह मजबूत बाजार नियामक सेबी की पवित्रता और अखंडता को नष्ट कर क्यो जर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के 78 साल के दौरान देश में किसी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं के साथ समझौता नहीं किया लेकिन मोदी सरकार इन पर लगातार हमला कर रही है जिसका खामियाजा देश की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# फिट इंडिया जनांदोलन बन गया है: मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता की सराहना करते हुए रविवार को कहा कि फिट इंडिया अब जनांदोलन बन गया है। श्री मोदी ने रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 115वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश के बड़े हिस्से में ठंड का मौसम शुरू हो गया है, लेकिन फिटनेस का जुनून, फिट इंडिया की भावना पर मौसम से फर्क नहीं पड़ता। जिसे फिट रहने की आदत होती है, वह सर्दी, गर्मी, बरसात कुछ भी नहीं देखता है। उन्होंने कहा कि भारत में अब लोग फिटनेस को लेकर बहुत ज्यादा जागरूक हो रहे हैं। पार्कों में लोगों की संख्या बढ़ रही है। पार्क में टहलते बुजुर्गों, नौजवानों, और योग करते परिवारों को देखा जा सकता है। उन्होंने जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में योग दिवस समारोह का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीनगर मैराथन में भी फिट रहने का उत्साह दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया की यह भावना अब एक जनांदोलन बन रही है। श्री मोदी ने कहा कि स्कूल में बच्चों की फिटनेस पर अब और ज्यादा ध्यान दिया जा रहा हैं। फिट इंडिया स्कूल आवर्स भी एक अनोखी पहल है। स्कूल अपने पहले घंटे का इस्तेमाल अलग-अलग फिटनेस गतिविधियों के लिए कर रहे हैं। अनेक स्कूलों में एक दिन बच्चों को योग, एयरोबिक्स, खेल - खो-खो और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसका लाभ भी हो रहा है और परिवार भी फिटनेस का महत्व समझ रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### निरीक्षण में नैनीताल में 50 प्रतिशत हाइड्रेंट निष्क्रिय मिले

**नैनीताल, एजेंसी।** दीपावली पर्व पर सुरक्षा के मद्देनजर संयुक्त मजिस्ट्रेट ने शनिवार को अग्नि नियंत्रण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान शहर में स्थापित फायर हाइड्रेंट की जांच की गई, जिसमें से 50 फीसदी निष्क्रिय पाए गए। कहीं हाइड्रेंट की चूड़ियां खराब मिलीं तो कहीं प्रेशर कम था, जबकि कई जगह लाइन में पानी नहीं मिला। फायर अधिकारियों ने बताया कि जल संस्थान की ओर से हाइड्रेट कनेक्शन पेयजल लाइनों से जोड़े गए हैं। शहर में पानी की आपूर्ति सुबह और शाम कुछ ही घंटे की जाती है। ऐसे में अग्निकांड या आपातकालीन स्थिति आने पर पानी की सप्लाई फोन करके चालू करानी पड़ती है, जिसमें काफी समय लग जाता है। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने जल संस्थान अधिकारियों को तत्काल हाइड्रेंट और लाइनों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही अग्निकांड से निपटने के लिए दीपावली तक सभी लाइनों में 24 घंटे पानी की आपूर्ति बहाल करने को कहा। साथ ही कहा कि जिन हाइड्रेंटों को पेयजल लाइनों से जोड़ा गया है, उनके लिए अलग से लाइन बिछाने के लिए सर्वे कर प्रोजेक्ट तैयार किया जाएगा।

### नगर निगम को नहीं मिल रहे ठेकेदार, टेंडरों का बहिष्कार

**हल्द्वानी, एजेंसी।** नगर निगम के ठेकेदारों ने निगम के टेंडर का विरोध शुरू कर दिया है। ठेकेदारों ने पहले 31 करोड़ रुपया बकाया देने की मांग की है। निगम ने 1.34 करोड़ रुपये के कार्यों के टेंडर आमंत्रित किए हैं। निगम के अधिकारी ठेकेदारों को मनाने में जुटे हैं। ठेकेदारों ने आरोप लगाया है कि जब निगम के पास बजट नहीं था तो निगम ने 31 करोड़ रुपये का काम क्यों कराया। आरोप लगाया कि दो साल से उन्हें भुगतान नहीं हुआ है। बैंक के ब्याज के तले वह दब गए हैं। आरोप लगाया कि निगम ने पिछले साल आई आपदा में कराए कार्यों का अब तक भुगतान नहीं किया। इस बार नाले की सफाई के कार्य भुगतान नहीं किया गया है। गोशाला निर्माण का बकाया भी अब तक नहीं दिया गया है। उधर ट्रंचिंग ग्राउंड में कार्य कर रहे ठेकेदार को भी अब तक भुगतान नहीं हुआ है। ठेकेदारों ने चेतावनी दी है कि उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया तो वह न तो टेंडर लेंगे न ही किसी और को टेंडर देंगे। उधर प्रशासक ने नगर निगम के अधिकारियों को ठेकेदारों को मनाने में लगा दिया है।

### 100 से 120 अज्ञात छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ऋषिकेश, एजेंसी।** कोतवाली पुलिस ने श्रीदेव सुमन विवि के प. ललित मोहन शर्मा परिसर के 100 से 120 अज्ञात छात्र-छात्राओं के खिलाफ दंगा, सरकारी कार्य में बाधा डालने, आत्महत्या का प्रयास व सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। छात्र-छात्राएं छात्र संघ चुनाव निरस्त किए जाने पर विवि व राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलित हैं। शुक्रवार को विरोध के दौरान छात्र-छात्राओं ने परिसर के दोनों गेट पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान कुछ छात्र-छात्राएं पानी की टंकी पर भी चढ़ गए थे। परिसर के दोनों गेटों पर ताला लगा दिया था। जिससे अन्य छात्र व परिसर के शिक्षक व अन्य स्टाफ बाहर रह गए थे। छात्र-छात्राओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान कुछ देर तक हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई थी।

### 10 माह के बाद भी नहीं बन पाया शहीद स्मृति द्वार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** विकासखंड के लक्ष्मण झूला-खेड़ा मोटर मार्ग पर 10 माह बाद भी शहीद स्मारक गेट का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। निर्माण कार्य के नाम पर मार्ग के दोनों ओर रस्सियों से बांध कर सरिया खड़ी की गई हैं। परिजनों व स्थानीय निवासियों ने इसे शहीद का अपमान बताया है। श्रीलंका में ऑपरेशन पवन के दौरान वह शहीद हो गए थे। इनकी स्मृति में खेड़ा मल्ला गांव के समीप लक्ष्मणझूला-खेड़ा मोटर मार्ग पर स्मृति द्वार का निर्माण किया गया था। लेकिन निर्माण कार्य पूर्ण होने के कुछ माह बाद 6 मई 2023 को यह स्मृति द्वार भरभरा कर गिर गया था। स्थानीय निवासियों ने स्मृति द्वार निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप लगाया था। जिस पर प्रशासन ने संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर दिया था। इसी वर्ष जनवरी माह में विकासखंड प्रशासन ने एक बार फिर इस स्मृति द्वार के निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू की। लेकिन 10 माह बाद निर्माण कार्य के नाम पर सिर्फ मार्ग के दोनों ओर रस्सियों के सहारे कुछ सरिया खड़ी की गई हैं। सरिया पर भी जंक लग गया है।

## 137 शिक्षक बदले मगर मिले सिर्फ 21

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** सीमांत जिले में सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थी पहले की शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में शिक्षकों के स्थानांतरण से शिक्षा व्यवस्था पटरी से उतर गई है। बीते दिनों 137 शिक्षकों का स्थानांतरण जिले से बाहर कर दिया गया। हैरानी है कि प्रतिस्थानी के तौर पर सिर्फ 21 शिक्षक ही जिले में भेजे गए। ऐसे में विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

पिथौरागढ़ जिले के विभिन्न इंटर कॉलेज और हाईस्कूलों से प्रवक्ता के 46 और एलटी संवर्ग के 91 शिक्षकों का स्थानांतरण जिले से बाहर किया गया। इसके सापेक्ष जिले में प्रवक्ता में 12 और एलटी संवर्ग में नौ शिक्षक ही पहुंचे।पहले से ही शिक्षकों की कमी से जूझ रहे सीमांत जिले में प्रवक्ता और एलटी के 2801 पदों के सापेक्ष केवल 1572 शिक्षक कार्यरत हैं। ऐसे में सीमांत जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी हो गई है। वहीं विकासखंड धारचूला और मुनस्यारी के 90 फीसदी विद्यालयों की स्थिति बेहद खराब है। इन इलाकों में महत्वपूर्ण विषयों के अध्यापक लंबे समय से नहीं हैं, इससे यहां के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन काफी प्रभावित हुआ है। तैनाती तो दूर जो शिक्षक यहां थे उन्हें भी अन्य जिलों में भेजे जाने के बाद यहां के लोगों में काफी नाराजगी है। शिक्षकों की कमी से जूझ रहे सीमांत जिले के कई विद्यालयों से एक साथ पांच से ज्यादा शिक्षकों के स्थानांतरण हुए हैं।

# डेंगू का हॉटस्पॉट बना ठसका गांव, 20 और मरीजों में पुष्टि, 55 पहुंचा आंकड़ा

**रुड़की, एजेंसी।**
नारसन ब्लॉक के ठसका गांव में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। गांव में बड़ी संख्या में लोग बुखार से ग्रसित हैं। हर घर में एक व्यक्ति बुखार की चपेट में है।

ठसका गांव में डेंगू का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। शनिवार को 20 और मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। अब मरीजों का आंकड़ा 55 पहुंच गया है। रोजाना मिल रहे मरीजों से ठसका गांव डेंगू का हॉटस्पॉट बन गया है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग लगातार शिविर लगाकर मरीजों की जांच कर दवा दे रहा है। साथ ही बुखार के मरीजों के सैंपल भेजकर एलाइजा जांच कराई जा रही है। नारसन ब्लॉक के ठसका गांव में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। गांव में बड़ी संख्या में लोग बुखार से ग्रसित हैं। हर घर में



एक व्यक्ति बुखार की चपेट में है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार गांव में शिविर लगाकर बुखार के मरीजों की जांच की जा रही है। साथ ही सैंपल डेंगू की जांच कराई जा रही है। कई मरीजों को दवा देकर उनकी निगरानी की जा रही है। बृहस्पतिवार और शुक्रवार को गांव में बुखार से 35 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई थी। शनिवार को टीम ने 106 मरीजों के सैंपल लेकर एलाइजा जांच के लिए भेजे थे। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह बताया कि शनिवार को ठसका गांव में 20 और मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। मरीजों का आंकड़ा 55 पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि 60 और मरीजों के खून के सैंपल लेकर एलाइजा जांच के लिए भेजे गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार गांव में शिविर लगाकर मरीजों की जांच कर दवा दे रही है। उन्होंने बताया कि एक मरीज को रुड़की सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह ने बताया कि रुड़की में 182, मंगलौर में 192, भगवानपुर में 72, लक्सर में 182, खानपुर 137, नारसन 587 घरों में डेंगू के लार्वा की जांच की गई है। साथ ही आशा कार्यकर्ता रोजाना घर-घर जाकर लोगों को डेंगू के बारे में जागरूक कर रही हैं। लगातार फॉगिंग भी की जा रही है। ठसका गांव में लगातार बुखार के मरीजों के स्वास्थ्य पर नजर रखकर दवाएं दी जा रही हैं। शनिवार को चिकित्साधिकारी आरबीएसके डॉ. कौशलेश पांडे के नेतृत्व में बुखार के 61 मरीजों को दवा दी गई है। ठसका गांव में डेंगू के मरीजों की रोजाना जानकारी ली जा रही है। माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. बिपिन पोखरियाल रोजाना मरीजों के घर जाकर उनका हालचाल जान रहे हैं।

### नजदीकी मुकाबले में हल्द्वानी को हराकर रुद्रपुर बनी विजेता

**रुद्रपुर, एजेंसी।** कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन एसबीएस डिग्री कॉलेज में किया गया। प्रतियोगिता में रुद्रपुर कॉलेज ने हल्द्वानी की टीम को 33/29 के स्कोर से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया।

शनिवार को पहला मुकाबला काशीपुर और खटीमा के बीच खेला गया। इसमें काशीपुर ने 38/15 के स्कोर से खटीमा को हराया। दूसरे मैच में रुद्रपुर की टीम ने रामनगर को 25/09, तीसरे मैच में डीएसबी परिसर नैनीताल ने बाजपुर को 29/15 के स्कोर से हराया। पहला सेमीफाइनल मैच हल्द्वानी और काशीपुर के मध्य खेला गया। इसमें हल्द्वानी ने काशीपुर को 37/11 के स्कोर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच रुद्रपुर और डीएसबी परिसर नैनीताल के बीच हुआ।

## हिमपात और सर्दी बढ़ी तो ग्रामीणों ने किया माइग्रेशन



**धारचूला (पिथौरागढ़), एजेंसी।** दारमा घाटी के उच्च हिमालयी गांवों में हिमपात और ठंड के चलते 14 गांवों के ग्रामीणों ने निचली घाटी में आना शुरू कर दिया है। नवंबर पहले सप्ताह तक अधिकतर ग्रामीण घाटी के गांवों से नीचे लौट आएंगे। घाटी के अंतिम गांव सीपू निवासी ज्ञान सिंह सीपाल और पूर्व प्रधान जीवन सिंह मार्छ्याल ने बताया कि हिमपात के कारण गांवों में ठंड बढ़ गई है। बताया कि सीपू और मार्छा गांव के 50 से अधिक परिवार धारचूला पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया कि दोनों ग्राम पंचायतों के लोग अपने जानवरों के साथ दो घंटे की पैदल यात्रा कर सड़क मार्ग तक पहुंचे। पूर्व प्रधान मार्छ्याल ने बताया कि जानवरों के साथ आने वाले लोग चार दिन की पैदल यात्रा कर धारचूला पहुंचे। कहा कि जिन लोगों के पास जानवर नहीं थे वह मात्र पांच घंटे में वाहनों से यहां पहुंच गए। ग्राम प्रधान दांतू जमन सिंह दताल ने बताया कि उनके गांव के लोगों ने भी निचली घाटी में आना शुरू कर दिया है। बताया कि ग्राम सेला, चल, बालिंग, सोन दुग्तू, बोन, फिलम, गो और तिदांग के ग्रामीण भी नवंबर के पहले हफ्ते तक निचली घाटी में पहुंच जाएंगे।

ग्रामीण प्रतिवर्ष गर्मियों के सीजन में उच्च हिमालयी गांवों में प्रवास पर पहुंच खेतीबाड़ी का कार्य करते हैं।

## बिहार के कैबिनेट मंत्री नीरज सिंह ने बाबा नीब करौरी के दर्शन किए

**नैनीताल, एजेंसी।**
बिहार सरकार में जल एवं लघु सिंचाई मंत्री नीरज सिंह उर्फ बबलू इन दिनों नैनीताल में है। वह पत्नी पूर्व विधान परिषद सदस्य एवं बिहार की प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष नूतन समेत परिजनों के साथ यहां पहुंचे हैं। क्षेत्रीय विधायक सरिता आर्या ने राज्य अतिथि गृह पहुंचकर उनका स्वागत किया।

बिहार के कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने के क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से उन्हें हर घर नल हल घर जल को साकार करने का कार्य दिया गया है। बिहार में योजना के तहत शुद्ध जल दिया जा रहा है, इसके लिए प्यूरीफायर लगाए जा रहे हैं। अगले वर्ष जून तक अभियान को पूरा कर लिया जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार और भाजपा का गठजोड़ अब अमिट हो गया है। सिने अभिनेता स्व. सुशांत राजपूत के बड़े भाई नीरज ने बताया कि शनिवार को उन्होंने कैंची में बाबा नीब करौरी और अल्मोड़ा के चितई में न्याय के देवता गोल्ज्यू के दर्शन किए। रविवार को वह रामनगर में कॉर्बेट नेशनल पार्क घूमने जाएंगे। उनके साथ उनके सीईओ मुरारी चौधरी एवं अन्य भी मौजूद रहे।



## सिमगडी पोस्ट ऑफिस में 32 लाख का गबन, पुलिस ने आरोपी पोस्टमास्टर को किया गिरफ्तार




**बागेश्वर/नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड के बागेश्वर में पुलिस ने लाखों रुपए गबन के आरोपी पोस्टमास्टर (शाखा डाकपाल) को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को विभागीय शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बागेश्वर के कांडा स्थित सिमगड़ी के शाखा डाकपाल सुरेन्द्र सिंह पंचपाल पर आरोप है कि उसने उपभोक्ताओं के 59 बचत खातों के कूटरचित पासबुक तैयार कर 2566950 रुपए हड़प लिए। यही नहीं, आरोपी द्वारा सरकारी कोष से भी 701855 रुपए का गबन किया गया। सरकारी कोष में उक्त धनराशि पाई गई। विभागीय जांच में आए तथ्यों के बाद बागेश्वर पूर्वी उपमंडल के निरीक्षक अनिल कुमार व्यास की ओर से 25 अक्टूबर को आरोपी के खिलाफ पुलिस कांडा पुलिस को तहरीर सौंपी गई। कांडा थाना प्रभारी खुशवंत सिंह ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शिकायत मिलने के बाद विभाग ने आरोपी को पद से हटा दिया था। पुलिस ने आखिरकार आरोपी को उसके सिमगड़ी स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया।

## खेत में मिला लापता छात्र का शव, परिजनों का हंगामा

**रूड़की, एजेंसी।**
तीन दिन पहले बकरी चराने के लिए गए लापता नाबालिग छात्र का शव गन्ने के खेत में मिला है। छात्र के गले पर निशान और लोअर के नाड़े जैसी रस्सी बंधी मिली है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और शव नहीं उठाने दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत किया। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने शव की जांच की और आसपास से साक्ष्य जुटाए हैं।

पिरान कलियर स्थित वार्ड नंबर चार निवासी उवेश (13) पुत्र आस मोहम्मद कलियर स्थित स्काई लाइन पब्लिक स्कूल का छात्र था। वह 24 अक्तूबर को कांवड़ पटरी के पास जंगल में बकरी चराने गया था लेकिन वह घर नहीं लौटा था। परिजनों ने जंगल और आसपास तलाश की थी लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इस बीच परिजनों ने कुछ रिश्तेदारों पर अपहरण का शक जताते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तनवीर निवासी नावला, फरमान निवासी पांवटी और शकील निवासी बरला, जिला मुजफ्फरनगर के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह करीब 11 बजे एक किसान दरगाह किलकिली साहब के पास अपने खेत पर गया था। वहां उसने एक बच्चे का शव पड़ा देखा और सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। बच्चे का शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। बच्चे के गले पर निशान और लोअर के नाड़े जैसी रस्सी बंधी मिली। शव को देखकर परिजन भड़क गए और हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। इस दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेने की कोशिश की तो हंगामा बढ़ गया और परिजनों ने शव नहीं उठाने दिया।

आरोप लगाया कि पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की। आरोप लगाया कि थाने के कार्यालय पर बैठे पुलिसकर्मी ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पैसों की मांग की थी। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए उन्होंने पुलिसकर्मी को पैसे दिए थे। वहीं, हंगामा बढ़ता देख मौके पर कलियर के अलावा रुड़की से भी पुलिस बुलानी पड़ी। इस दौरान परिजन आरोपियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़ गए और पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। इस दौरान पुलिस ने उनकी नोकझोंक भी हुई।

### ड्रोन से खेतों में गुलदार की निगरानी, ट्रेंकुलाइज की कोशिश तेज

**हरिद्वार, एजेंसी।**
लालढांग क्षेत्र के पीली पड़ाव गांव में गुलदार के खाली पड़े भवन में घुसकर भागते समय वनकर्मी पर हमला कर देने के बाद वन विभाग ने उसे पकड़ने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। वन विभाग की टीमों ने दिन-रात जहां गश्त बढ़ा दी है तो वहीं खेतों में ड्रोन से गुलदार की निगरानी की जा रही है। उसे ट्रेंकुलाइज करने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

शुक्रवार को गांव के बीच खाली पड़े भवन में गुलदार दिखाई दिया था। वहां से निकलते समय गुलदार ने वनकर्मी पर हमला कर दिया था। घायल कर्मचारी का उपचार किया गया। इसके बाद वन महकमा गुलदार को रेस्क्यू करने में लगा रहा। गुलदार को ट्रेंकुलाइज करने की कोशिश भी गई, लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी गुलदार खेतों से भाग निकलने में कामयाब रहा। तभी से वन विभाग की तीन टीमें गांव में गश्त कर रही हैं।

श्यामपुर रेंज के रेंजर पंकज ध्यानी ने बताया कि पिली पड़ाव गांव गुलदार की निगरानी के लिए दिन में तीन टीम जुटी हुई हैं। रात में एक टीम और बढ़ाई जाएगी, जिसमें रेंजर स्वयं मौके पर रहेंगे। गांव में गुलदार की निगरानी के लिए दो कैमरे लगे हुए थे, शनिवार को चार कैमरें और लगा दिए गए। पूरे गांव में ड्रोन को घूमाकर गुलदार की गतिविधियों की निगरानी की जा रही है। ग्राम प्रधान शशि झंडवाल ने बताया कि गांव में गुलदार से खतरा बना हुआ है। लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

कोटा खेड़ा गांव के समीप ग्रामीणों के साथ गन्ने की छिलाई कर रहा था। अचानक गन्ने के खेत से गुलदार आकर खड़ा हो गया, जिससे ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। गुलदार देखकर ग्रामीणों के होश फाख्ता हो गए। ग्रामीणों के शोर मचाने पर आसपास के किसानों ने भी हल्ला मचा दिया। तब गुलदार भाग गया। इससे पहले गुलदार एक किसान पर हमला कर चुका है और बृहस्पतिवार की सुबह धनौरी में आबादी के समीप कुत्ते को अपना निवाला बना चुका है।

# आप ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, भाजपा पर निशाना; कहा- उत्तराखंड में सरकार बनने पर लागू कराएंगे दिल्ली मॉडल

**हरिद्वार, एजेंसी।**
दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने शनिवार को हरिद्वार पहुंचकर आप कार्यकर्ता में जोश भरा।

आप नेता अरविंद केजरीवाल पर हमले के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराते हुए मनीष सिसौदिया ने कहा कि उत्तराखंड में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर दिल्ली मॉडल लागू कराएंगे। जिसमें दिल्ली की तर्ज पर शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी आदि मूलभूत सुविधाएं व बुजुर्गों को निःशुल्क धार्मिक यात्रा जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

सैनी आश्रम में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मनीष सिसोदिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी उत्तराखंड में होने वाले आगामी नगर निकाय चुनाव को पूरे दमखम से लड़ेगी। उत्तराखंड की जनता ने सहयोग और आशीर्वाद दिया तो मूलभूत सुविधाएं जनता को उपलब्ध करायी जाएगी।

लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर भी जोरदार हमला बोला। उन्होंने पार्टी संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हुए हमले के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि पहले केजरीवाल पर झूठे मुकद्मे लगाए गए। जेल भेजा गया।

इससे भी कुछ नहीं हुआ तो अब हमले जैसा कदम उठाया जा रहा है। लेकिन जनता के हितों के संघर्ष से आम आदमी पार्टी पीछे नहीं हटेगी। जनता सब कुछ जानती समझती है और आने वाले चुनाव में एक बार फिर आम आदमी पार्टी को अपना आशीर्वाद देगी। इसके पूर्व आप जिलाध्यक्ष संजय सैनी व अन्य पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने गंगाजली, बुके भेंटकर और पटका पहनाकर मनीष सिसोदिया का स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एसएस कलेर, प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल चौधरी, सोहेब अंसारी, जिलाध्यक्ष संजय सैनी, सचिन बेदी, ममता सिंह, कुर्बान अली, डा. मेहरबान, विशाल सैनी, निर्माण सैनी, सुरेंद्र बिरला, सागर तेश्वर, संजग गौतम, आर्यन राठौर, शरभ जैन, सनव्वर अंसारी, अंबरीष गिरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने केदार बाबा के दर्शन किए। उन्होंने पूजा अनुष्ठान किया, तथा आदि शंकराचार्य की समाधि स्थल पर



ध्यान लगाया। प्रदेश संगठन मंत्री गणेश भट्ट ने उन्हे देवप्रयाग का गंगाजल भेंट किया। श्री केदारधाम के तीर्थ पुरोहित समाज ने मनीष सिसोदिया का स्वागत एवं अभिनंदन किया। पुरोहित समाज मनीष सिसोदिया ने कहा बाबा केदार के दर्शन पाकर वे धन्य हुए उन्होंने बाबा केदार से सम्पूर्ण देश के हर बच्चे तक अच्छी शिक्षा पहुंचाने की प्रार्थना की। मनीष सिसोदिया के साथ पंजाब के केबिनेट मंत्री बरिंद्र गोयल, दिल्ली के विधायक रोहित मेहरौलिया, उत्तराखंड के कार्यकारी अध्यक्ष एस एस कलेर, संगठन मंत्री गणेश भट्ट, देवेंद्र बिष्ट, दिलवर फर्सवान, भवन चौहान, अंकुश शुक्ला आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इससे पूर्व देहरादून वापसी में सहस्त्रधारा रोड स्थित हेलीपैड में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मनीष सिसोदिया का भव्य स्वागत किया गया तथा दर्जनों वाहनों के काफिले में मनीष सिसोदिया को मधुबन होटल लाया गया। जहां पर कार्यकर्ताओं के साथ सिसोदिया ने चाय के साथ संगठन के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर संजय छेत्री, मीडिया प्रभारी, महानगर देहरादून आम आदमी पार्टी आदि मौजूद थे।

# दिल्ली में फिर वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में दर्ज, कई स्थानों पर एक्यूआई गंभीर

- दिल्ली में रविवार तड़के धुंध की मोटी परत छा गई जिससे दृश्यता बहुत कम हो गई।



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी में दो दिन के अंतराल के बाद रविवार को फिर से वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई क्योंकि प्रदूषण के स्तर में सुधार लाने वाली हवा की रफ्तार धीमी हो गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 359 दर्ज किया गया जबकि शनिवार को यह 255 था। सीपीसीबी ने 40 निगरानी केंद्र में से 36 का आंकड़ा साझा किया, जिसमें से आनंद विहार, अलीपुर, बवाना, जहांगीरपुरी, मुंडका, वजीरपुर, विवेक विहार और सोनिया विहार में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई जबकि शेष 28 में एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में रहा। शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बेहद खराब तथा 401 और 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में हवा की रफ्तार शून्य किमी प्रति घंटा थी। पिछले दो दिन से अनुकूल हवाओं के कारण राजधानी की वायु गुणवत्ता बहुत खराब से सुधरकर खराब श्रेणी में पहुंच गई थी। दिल्ली में रविवार तड़के धुंध की मोटी परत छा गई जिससे दृश्यता बहुत कम हो गई। राजधानी में रविवार को न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री अधिक था। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में सुबह आर्द्रता का स्तर 93 प्रतिशत दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने राजधानी में आज आसमान साफ रहने तथा अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई है।

# केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की

मुख्यमंत्री धामी ने इस दौरान केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में उत्तराखंड में चल रहे विकास कार्यों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन और तीर्थाटन बहुत तेजी से बढ़ा है जिससे फ्लोटिंग पापुलेशन बड़ी संख्या में राज्य में आ रही है। ट्रैफिक प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सड़क का चौड़ीकरण और पार्किंग का विस्तार करना नितांत आवश्यक है। इसके समाधान के लिए केंद्रीय सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि राज्य में पर्यटन के विस्तार की संभावना को देखते हुए नए टूरिस्ट स्पॉट विकसित किए जा रहे हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार की ओर से



हरसंभव अपेक्षित सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### अदालत ने 2018 के लूट के एक मामले में आरोपी को बरी किया

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने एक व्यक्ति को लूटपाट के आरोपों से बरी करते हुए कहा कि पुलिस ने दोषपूर्ण जांच की और अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयानों में विरोधाभास पाए गए। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में बुरी तरह विफल रहा। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अतुल अहलावत आरोपी वेद प्रकाश के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रहे थे जिस पर 12 मई 2018 को उत्तरपूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार में एक बस स्टैंड के समीप शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन और पर्स लूटने का आरोप लगाया गया था। अदालत ने 18 अक्टूबर को सुनाए फैसले में कहा कि शिकायतकर्ता और उसके मित्र के अनुसार किसी के पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) में फोन करने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।


अदालत ने कहा, हालांकि, जांच अधिकारी ने फोन करने वाले व्यक्ति का पता लगाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया और उसे मामले में अभियोजन पक्ष का गवाह नहीं बनाया गया। इसलिए अभियोजन पक्ष अपनी कहानी को साबित नहीं कर पाया। उसने कहा, साथ ही अभियोजन यह भी साबित नहीं कर पाया कि आरोपी से बरामद मोबाइल फोन शिकायतकर्ता का था इसलिए रिकॉर्ड में उपलब्ध सामग्री के आधार पर आरोपी को मौजूदा मामले में लगाए आरोपों में दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

### लाल क्वार्टर मार्केट में दीपावली मनाई जायेगी एक नवम्बर को : अशोक सेठ

नई दिल्ली। जैसा कि सभी दुकानदार इस असमंजस मे है कि दिवाली 31 तारीख को मनाई जाए या फिर एक तारीख को इसलिए लाल क्वार्टर की सभी वरिष्ठ एसोसिएशन ने संकट मोचन मंदिर के मुख्य पुजारी राजेश पंडित को बुलवाया और उनसे समझा एवं वैष्णो देवी के मुख्य पुजारी से भी बात की और यह निष्कर्ष निकाला की दिवाली पूरे हर्षोल्लास के साथ एक नवंबर को ही सभी दुकानदार भाई मनाएंगे। उक्त जानकारी अशोक सेठ प्रधान ईस्ट दिल्ली ज्वेलर्स एसोसिएशन नें एक विज्ञप्ति में दी` अशोक सेठ नें बताया दोपहर अग्निशमन विभाग के उच्च अधिकारी सुमेश दुआ अपनी टीम के साथ मार्केट एसोसिएशन अधिकारियों से मिलने के लिये आये और उन्होंने काफी जानकारियां दी की कैसे दिवाली के समय हमारे घर या प्रतिष्ठान पर आग ना लगे उन बातों से अवगत कराया और अनुरोध किया की मार्केट में अगर कोई अतिक्रमण हैं तो अगर हमारे आस पास आग लगी हुई है तो फायर ब्रिगेड को हम सब मिलकर तुरंत रास्ता दिलवाए , इन दिनों चारों तरफ ट्राफिक जाम को देखते हुए हमने दुआ साहब से अनुरोध किया कि धनतेरस से लेकर दिवाली तक एक फायर फाइटिंग वाहन छाछी बिल्डिंग पर तैनात रहे

# लाल क्वार्टर मार्केट में दीपावली मनाई जायेगी एक नवम्बर को : अशोक सेठ

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



जैसा कि सभी दुकानदार इस असमंजस मे है कि दिवाली 31 तारीख को मनाई जाए या फिर एक तारीख को इसलिए लाल क्वार्टर की सभी वरिष्ठ एसोसिएशन ने संकट मोचन मंदिर के मुख्य पुजारी राजेश पंडित को बुलवाया और उनसे समझा एवं वैष्णो देवी के मुख्य पुजारी से भी बात की और यह निष्कर्ष निकाला की दिवाली पूरे हर्षोल्लास के साथ एक नवंबर को ही सभी दुकानदार भाई मनाएंगे। उक्त जानकारी अशोक सेठ प्रधान ईस्ट दिल्ली ज्वेलर्स एसोसिएशन नें एक विज्ञप्ति में दी` अशोक सेठ नें बताया दोपहर अग्निशमन विभाग के उच्च अधिकारी सुमेश दुआ अपनी टीम के साथ मार्केट एसोसिएशन अधिकारियों से मिलने के लिये आये और उन्होंने काफी जानकारियां दी की कैसे दिवाली के समय हमारे घर या प्रतिष्ठान पर आग ना लगे उन बातों से अवगत कराया और अनुरोध किया की मार्केट में अगर कोई अतिक्रमण हैं तो अगर हमारे आस पास आग लगी हुई है तो फायर ब्रिगेड को हम सब मिलकर तुरंत रास्ता दिलवाए , इन दिनों चारों तरफ ट्राफिक जाम को देखते हुए हमने दुआ साहब से अनुरोध किया कि धनतेरस से लेकर दिवाली तक एक फायर फाइटिंग वाहन छाछी बिल्डिंग पर तैनात रहे जिसे दुआ साहब ने मान लिया जिसके लिये हम उनके आभारी हैं`

# सड़क किनारे से टाइल्स हटाने पर आरडब्ल्यूए ने जताया विरोध

नोएडा। सेक्टर-34 में प्राधिकरण के वर्क सर्कल-5 की टीम ने रविवार को फुटपाथ और सड़क के किनारे पर लगी टाइल्स को हटाने का कार्य शुरू किया। इसकी जैसे ही आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों को सूचना मिली, सभी पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए और टाइल्स हटाने के कार्य को रुकवाया। वरिष्ठ प्रबंधक पारस नाथ सोनकर ने बताया कि एनजीटी के आदेश अनुसार सेक्टर-34 और विभिन्न सेक्टरों से टाइल्स हटाई जा रही हैं। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष केके जैन ने कहा कि फुटपाथ की खराब स्थिति थी। मिट्टी उड़ने के कारण प्रदूषण की समस्या बनी रहती थी। सेक्टर के वरिष्ठ निवासी और अस्थमा के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। सेक्टर के निवासियों के हित में आरडब्ल्यूए फेडरेशन-34 के निवेदन पर ही प्राधिकरण ने टाइल्स लगाई थीं, जो केवल मिट्टी और रेता के ऊपर बिछाई गई हैं। इनमें कंक्रीट और सीमेंट का उपयोग नहीं किया गया है। सेक्टर के निवासियों के हित में टाइल्स नहीं हटाई जानी चाहिए। जैन ने यह भी कहा कि आवश्यकता पड़ने पर वे एनजीटी के आदेश के खिलाफ कोर्ट में अपील करेंगे। वहां पर बड़ी संख्या में उपस्थित निवासियों और पदाधिकारियों के विरोध पर दोबारा से टाइल्स लगाने कि मांग के बाद टाइल्स हटाने का कार्य रोक दिया गया। वरिष्ठ प्रबंधक पारस नाथ सोनकर ने आश्वासन दिया कि उखाड़ी गईं टाइल्स को जल्द ही वापस लगा दिया जाएगा, इसके बाद ही सभी लोग धरने से हट गए। इस मौके पर फेडरेशन के महासचिव धर्मेंद्र शर्मा, देविंदर वत्स, अनिल शर्मा, एमसी भारद्वाज, डी महापात्रा, अतुल सरीन, सुरिंदर महाजन, कुलदीप मुंशी, प्रदीप सिंह, केसी रावत, संजीव कुमार, आईएस राणा, आरपी वर्मा, आरपी प्रजापति व आरपी सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# दिल्ली : कनॉट प्लेस में संदिग्ध सामान मिलने से हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कनॉट प्लेस इलाके में रविवार को एक संदिग्ध वस्तु मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर इस संदिग्ध वस्तु को किसने और किस मकसद से यहां रखा? पुलिस के मुताबिक, पालिका बाजार में एक दुकान के सामने इलेक्ट्रॉनिक वस्तु बरामद हुई। इस वस्तु का सत्यापन किया जा रहा है।

नई दिल्ली जिला डीसीपी देवेश कुमार महला ने इस संबंध में कहा, ह्लअभी वेरिफिकेशन कयिा जा रहा है। इसी बीच हमें एक दुकान के सामने इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मिला। इसे देखने से ऐसा लग रहा है कि यह नेटवर्क जैमर की तरह काम कर रहा है। उन्होंने कहा, हम सभी लोगों से आग्रह करते हैं कि अगर किसी को कहीं पर भी किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु दिखे, तो अविलंब इसकी सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें

# मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हुआ फूलवालों की सैर का समापन समारोह

भारतीय संस्कृति और एकता के परिचायक फूल वालों की सैर कार्यक्रम का शनिवार देर रात को धूमधाम से समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री आतिशी ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। कार्यक्रम में भारत के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया और यहां शानदार कव्वाली का भी आयोजन किया गया। इस मौकेपर मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि, फूलवालों की सैर सिर्फ.एक उत्सव नहीं है, इसने दिल्ली की सैकड़ों साल पुरानी गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा को कायम रखा है। उन्होंने कहा कि, फूलवालों की सैर जैसे उत्सव आज के दौर में इंसानियत का पैगाम देते हुए लोगों को साथ लाने का उत्सव है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली दिलवालों का शहर है, यहाँ लोग आपस में दीवारें नहीं बनाते बल्कि फूलवालों की सैर जैसे त्यौहार के साथ इंसानियत का पैगाम बांटते है।


# EAST BOUND FESTIVAL SPECIAL TRAINS-2024

In order to clear extra rush of passengers during Deepawali and Chhath Puja Festivals, Northern Railway has planned to run the following East Bound Festival Special Trains from 28.10.2024 to 30.10.2024 in addition to normal regular trains as per schedule given below:-

## EAST BOUND TRAINS FROM DELHI AREA TERMINALS ON 28.10.2024 (MONDAY)

| Spl. Train No. | Station From | Dept. Time | Station to | Arr. Time | Accomodation | Stoppages |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04032 | Anand Vihar(T.) | 05:15 | Saharsa Jn. | 10:30 | 3 Tier AC | Ghaziabad, Moradabad, Bareily, Shahjehanpur, Sitapur, Gonda, Basti, Gorakhpur, Kaptanganj Jn., Bagaha, Narkatiaganj Jn., Raxaul Jn., Bairagnia, Sitamarhi, Janakpur Road, Darbhanga Jn., Sakri Jn., Jhanjharpur, Nirmali, Saraygarh, Supaul & Garh Baruari |
| 04096 | Anand Vihar(T.) | 09:00 | Ayodhya Cantt. | 22:00 | 2 Tier AC, 3 Tier AC & Sleeper | Ghaziabad, Moradabad, Bareilly & Lucknow |
| 04078 | Anand Vihar(T.) | 23:55 | Patna Jn. | 16:25 | 1st AC, 2 Tier AC, 3 Tier AC | Govindpuri, Prayagraj Jn., Pt.deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar, Ara & Danapur |
| 04058 | Anand Vihar(T.) | 23:15 | Muzaffarpur | 21:15 | 3 Tier AC | Moradabad, Chandausi Jn., Hardoi, Lucknow, Gorakhpur Jn., Chhapra & Hajipur Jn. |
| 03256 | Anand Vihar(T.) | 23:20 | Patna Jn. | 17:20 | 2 Tier AC, 3 Tier AC, 3 Tier AC Economy & Sleeper | Kanpur Central, Prayagraj Jn., Pt.deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar, Ara & Danapur |
| 03258 | Anand Vihar(T.) | 05:00 | Danapur | 20:45 | 2 Tier AC, 3 Tier AC, Sleeper, General | Kanpur Central, Prayagraj Jn., Pt.deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar & Ara |
| 05220 | Anand Vihar(T.) | 08:00 | Muzaffarpur | 00:45 | Sleeper & General | Govindpuri, Prayagraj Jn., Pt.deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar, Ara, Danapur, Patliputra Sonpur Jn. & Hajipur Jn. |
| 05024 | Anand Vihar(T.) | 15:15 | Gorakhpur | 04:45 | 2 Tier AC, 3 Tier AC, Sleeper, General | Ghaziabad, Moradabad, Bareilly, Sitapur Jn., Burhwal Jn., Gonda Jn., Basti & Khalilabad |
| 02398 | Anand Vihar(T.) | 08:20 | Gaya | 00:30 | 2 Tier AC, 3 Tier AC, Sleeper & General | Govindpuri, Prayagraj, Pt. Deen Dayal Upadhyaya, Bhabua Road, Sasaram, Dehri On Sone & Anugraha Narayan Road |
| 05284 | Anand Vihar(T.) | 07:00 | Muzaffarpur | 04:50 | 2 Tier AC, Sleeper & General | Moradabad, Shahjehanpur, Hardoi, Lucknow, Gonda Jn., Basti, Gorakhpur Jn., Bagaha, Harinagar, Narkatiaganj Jn., Bettiah, Sagauli Jn., Bapudham Motihari, Pipra, Chakia, Mehsi & Motipur |
| 03414 | New Delhi | 10:30 | Malda Town | 07:55 | 3 Tier AC, Sleeper, General | Kanpur Central, Prayagraj Jn., Pt.deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar, Ara, Patna Jn., Patna Saheb, Fatuha, Khusropur, Bakhtiyarpur Jn., Barh., Mokama, Hathidah Jn., Barhiya, Luckeesarai Jn., Kiul Jn., Kajra, Abhaipur, Dharhara, Jamalpur Jn., Bariarpur, Sultanganj, Bhagalpur, Kahalgaon, Sahibganj Jn., Barharwa Jn. & New Farakka Jn. |
| 02570 | New Delhi | 12:15 | Darbhanga | 10:00 | 3 Tier AC, 3 Tier AC Economy & Sleeper | Kanpur Central, Aishbagh, Chhapra, Muzaffarpur Jn. & Samastipur Jn. |
| 02564 | New Delhi | 17:55 | Barauni Jn. | 15:10 | 3 Tier AC Economy, 3 Tier AC, & Sleeper | Kanpur Central, Aishbagh, Basti, Gorakhpur Jn., Deoria Sadar, Siwan Jn., Chhapra & Muzaffarpur Jn. |
| 02394 | New Delhi | 13:20 | Patna Jn. | 07:00 | 1st AC, 2 Tier AC, 3 Tier AC, 3 Tier AC Economy, Sleeper & Gen. | Govindpuri, Prayagraj, Pt. Deen Dayal Upadhyaya, Buxar, Ara & Danapur |
| 04080 | Delhi Jn. | 19:30 | Varanasi Jn | 09:45 | 3 Tier AC, Sleeper & General | Ghaziabad, Moradabad, Lucknow & Maabelha Devi Dham Pratapgarh |
| 02422 | Delhi Jn. | 09:30 | Subedarganj | 19:40 | 3 Tier AC, Sleeper, General | Aligarh Jn., Tundla Jn., Etawah Jn., Kanpur Central & Fatehpur |
| 05002 | Delhi Jn. | 15:15 | Gorakhpur Jn. | 09:55 | 3 Tier AC, Sleeper & General | Ghaziabad, Moradabad, Bareilly, Sitapur Jn., Burhwal Jn., Gonda Jn., Balrampur, Tulsipur, Barhni, Siddharth Nagar & Anand Nagar |
| 02246 | Hazrat Nizamuddin | 23:55 | Patna Jn. | 16:40 | 1st AC, 2 Tier AC, 3 Tier AC | Govindpuri, Prayagraj Jn., Pt.deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar, Ara & Danapur |
| 04124 | Hazrat Nizamuddin | 15:50 | Prayagraj Jn. | 09:00 | 3 Tier AC, Sleeper, General | Mathura Jn., Agra Cantt., Dhaulpur, Gwalior, Virangana Lakshmibai Jhansi, Mau Ranipur, Harpalpur, Kulpahar, Mahoba, Banda Jn., Atarra, Chitrakot, Manikpur Jn., Dabhaura & Shankargarh |

## EAST BOUND TRAINS FROM DELHI AREA TERMINALS ON 29.10.2024 (TUESDAY)

| Spl. Train No. | Station From | Dept. Time | Station to | Arr. Time | Accomodation | Stoppages |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04032 | Anand Vihar(T.) | 05:15 | Saharsa Jn. | 10:30 | 3 Tier AC | Ghaziabad, Moradabad, Bareily, Shahjehanpur, Sitapur, Gonda, Basti, Gorakhpur, Kaptanganj Jn., Bagaha, Narkatiaganj Jn., Raxaul Jn., Bairagnia, Sitamarhi, Janakpur Road, Darbhanga Jn., Sakri Jn., Jhanjharpur, Nirmali, Saraygarh, Supaul & Garh Baruari |
| 04060 | Anand Vihar(T.) | 10:30 | Jaynagar | 15:15 | 3 Tier AC, Sleeper & General | Moradabad, Bareilly, Shahjehanpur, Lucknow, Rae Bareli Jn., Amethi, Maa Belha Devi Dham Pratapgarh, Varanasi, Pt.deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar, Ara, Danapur, Patliputra, Hajipur Jn., Muzaffarpur Jn., Samastipur Jn., Darbhanga Jn. & Madhubani |
| 04044 | Anand Vihar(T.) | 23:15 | Gorakhpur Jn. | 14:00 | 3 Tier AC | Ghaziabad, Moradabad, Chandausi, Bareilly Cantt., Sitapur, Gonda & Basti |
| 04010 | Anand Vihar(T.) | 23:45 | Jogbani | 05:20 | 2 Tier AC, 3 Tier AC, Sleeper & General | Ghaziabad, Moradabad, Chandausi Jn., Bareilly Cantt., Shahjehanpur, Sitapur Jn., Gonda Jn., Basti, Gorakhpur Jn., Deoria Sadar, Siwan Jn., Chhapra, Sonpur Jn., Hajipur Jn., Shahpur Patoree, Barauni Jn., Begusarai, Khagaria Jn., Naugachia, Katihar Jn., Purnia Jn., Arariya Court, Arariya & Forbesganj Jn. |
| 04048 | Anand Vihar(T.) | 15:20 | Katihar Jn. | 15:00 | 1st AC, 2 Tier, AC, 3 Tier AC, Sleeper & General | Govindpuri, Prayagraj Jn., Pt.deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar, Ara, Patliputra, Hajipur Jn., Barauni Jn., Begusarai, Khagaria Jn. & Mansi Jn. |
| 03436 | Anand Vihar(T.) | 15:45 | Malda Town | 23:30 | 2 Tier AC, 3 Tier AC & Sleeper | Govindpuri, Prayagraj Jn., Pt. Deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar, Ara, Patna Jn. Bakhtiyarpur Jn., Mokama, Kiul Jn., Abhaipur, Jamalpur Jn., Sultanganj, Bhagalpur, Kahalgaon, Pirpainti, Sahibganj Jn., Barharwa Jn. & New Farakka Jn. |
| 05220 | Anand Vihar(T.) | 08:00 | Muzaffarpur | 00:45 | 2 Tier AC, 3 Tier AC, Sleeper & General | Govindpuri, Prayagraj Jn., Pt. Deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar, Ara, Danapur, Patliputra Sonpur Jn. & Hajipur Jn. |
| 02398 | Anand Vihar(T.) | 08:20 | Gaya | 00:30 | 2 Tier AC, 3 Tier AC, Sleeper & General | Govindpuri, Prayagraj, Pt. Deen Dayal Upadhyaya, Bhabua Road, Sasaram, Dehri On Sone & Anugraha Narayan Road |
| 05284 | Anand Vihar(T.) | 07:00 | Muzaffarpur | 04:50 | 2 Tier AC, Sleeper & General | Moradabad, Shahjehanpur, Hardoi, Lucknow, Gonda Jn., Basti, Gorakhpur Jn., Bagaha, Harinagar, Narkatiaganj Jn., Bettiah, Sagauli Jn., Bapudham Motihari, Pipra, Chakia, Mehsi & Motipur |
| 04070 | New Delhi | 00:20 | Rajgir | 21:00 | 1st AC-Cum-2nd AC, 2nd AC-Cum-3rd AC, 2 Tier AC, 3 Tier AC | Govindpuri, Prayagraj, Pt. Deen Dayal Upadhyaya, Buxar, Ara, Patna, Bakhtiyarpur & Bihar Sharif |
| 04052 | New Delhi | 14:20 | Jaynagar | 15:40 | 1st AC, 2 Tier AC, 2nd AC-Cum-3rd AC, 3 Tier AC, Sleeper & Gen. | Govindpuri, Prayagraj, Pt. Deen Dayal Upadhyaya, Buxar Ara, Patna, Mokama, Barauni, Samastipur & Darbhanga |
| 02248 | New Delhi | 08:25 | Patna Jn. | 20:30 | Chair Car, Execitive Chair Car | Kanpur Central, Prayagraj Jn., Pt. Deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar & Ara |
| 02564 | New Delhi | 17:55 | Barauni Jn. | 15:10 | 3 Tier AC Economy, 3 Tier AC, & Sleeper | Kanpur Central, Aishbagh, Basti, Gorakhpur Jn., Deoria Sadar, Siwan Jn., Chhapra & Muzaffarpur Jn. |
| 02570 | New Delhi | 12:15 | Darbhanga | 10:00 | 3 Tier AC Economy, 3 Tier AC, & Sleeper | Kanpur Central, Aishbagh, Chhapra, Muzaffarpur Jn. & Samastipur Jn. |
| 02394 | New Delhi | 13:20 | Patna Jn. | 07:00 | 1st AC, 2 Tier AC, 3 Tier AC, 3 Tier AC Economy, Sleeper & Gen. | Govindpuri, Prayagraj, Pt. Deen Dayal Upadhyaya, Buxar, Ara & Danapur |
| 05112 | New Delhi | 12:50 | Chhapra | 11:30 | 3 Tier AC, Sleeper & General | Moradabad, Bareilly Jn., Sitapur Jn., Burhwal, Gonda, Basti, Khalilabad, Gorakhpur, Pipraich,Kaptanganj, Padrauna, Tamkuhi Road, Thawe Jn., Dighwa Dubauli & Masrakh |
| 04068 | Delhi Jn. | 19:30 | Darbhanga | 16:30 | 2 Tier AC, 3 Tier AC, Sleeper & General | Moradabad, Bareilly, Lucknow, Gonda Jn., Basti, Gorakhpur Jn., Narkatiaganj Jn., Raxaul Jn., Bairagnia, Sitamarhi & Janakpur Road |
| 04006 | Delhi Jn. | 23:05 | Jaynagar | 23:45 | 1st AC, 2 Tier AC, 3 Tier AC, Sleeper & General | Ghaziabad, Moradabad, Bareilly, Lucknow, Gonda Jn., Basti, Gorakhpur Jn., Chhapra, Hajipur Jn., Muzaffarpur Jn., Samastipur Jn., Darbhanga Jn. & Madhubani |

## EAST BOUND TRAINS FROM DELHI AREA TERMINALS ON 30.10.2024 (WEDNESDAY)

| Spl. Train No. | Station From | Dept. Time | Station to | Arr. Time | Accomodation | Stoppages |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04022 | Anand Vihar(T.) | 11:40 | Sitamarhi | 15:45 | 3 Tier AC | Ghaziabad, Moradabad, Bareilly, Shahjehanpur, Lucknow, Rae Bareli Jn., Maa Belha Devi Dham Pratapgarh, Varanasi, Aunrihar Jn., Ghazipur City, Ballia, Suraimanpur, Chhapra, Sonpur Jn., Hajipur Jn. & Muzaffarpur Jn., |
| 04096 | Anand Vihar(T.) | 09:00 | Ayodhya Cantt. | 22:00 | 2 Tier AC, 3 Tier AC & Sleeper | Ghaziabad, Moradabad, Bareilly & Lucknow |
| 05220 | Anand Vihar(T.) | 08:00 | Muzaffarpur | 00:45 | Sleeper & General | Govindpuri, Prayagraj, Pt. Deen Dayal Upadhyaya, Buxar, Ara, Danapur, Patliputra, Sonpur & Hajipur |
| 04056 | Anand Vihar(T.) | 18:05 | Ballia | 10:00 | 1st AC, 2 Tier AC, 3 Tier AC, Sleeper | Kanpur Central, Prayagraj Jn., Jaunpur City & Ghazipur City |
| 02398 | Anand Vihar(T.) | 08:20 | Gaya | 00:30 | 2 Tier AC, 3 Tier AC, Sleeper & General | Govindpuri, Prayagraj, Pt. Deen Dayal Upadhyaya, Bhabua Road, Sasaram, Dehri On Sone & Anugraha Narayan Road |
| 05284 | Anand Vihar(T.) | 07:00 | Muzaffarpur | 04:50 | 2 Tier AC, Sleeper & General | Moradabad, Shahjehanpur, Hardoi, Lucknow, Gonda, Basti, Gorakhpur, Bagaha, Harinagar, Narkatiaganj, Bettiah, Sagauli, Bapudham Motihari, Pipra, Chakia, Mehsi & Motipur |
| 05038 | Anand Vihar(T.) | 11:10 | Banaras | 01:10 | 3 Tier AC Economy | Moradabad, Bareilly, Lucknow, Rae Bareli Jn., Amethi, Maa Belha Devi Dham Pratapgarh & Bhadohi |
| 02262 | New Delhi | 00:20 | Darbhanga | 21:15 | 1st AC, 2 Tier AC, 3 Tier AC & Sleeper | Govindpuri, Prayagraj Jn., Pt.deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar, Ara, Danapur, Patliputra, Hajipur Jn., Muzaffarpur Jn. & Samastipur Jn. |
| 04054 | New Delhi | 14:20 | Barauni Jn. | 11:00 | 1st AC, 2 Tier AC, Sleeper & General | Govindpuri, Prayagraj Jn., Pt.deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar, Ara, Patna Jn. & Mokama |
| 02252 | New Delhi | 08:25 | Patna Jn. | 20:00 | Chair Car, Executive Chaircar | Kanpur Central, Prayagraj Jn., Pt.deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar & Ara |
| 03484 | New Delhi | 10:30 | Bhagalpur | 04:10 | Sleeper & General | Kanpur Central, Prayagraj Jn., Pt.deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar, Ara, Patna Jn, Patna Saheb, Fatuha, Khusropur, Bakhtiyarpur Jn., Barh, Mokama, Hathidah Jn. Barhiya, Luckeesarai Jn., Kiul Jn., Kajra, Abhaipur, Dharhara, Jamalpur Jn., Bariarpur & Sultanganj |
| 02564 | New Delhi | 17:55 | Barauni Jn. | 15:10 | 3 Tier AC Economy, 3 Tier AC, & Sleeper | Kanpur Central, Aishbagh, Basti, Gorakhpur Jn., Deoria Sadar, Siwan Jn., Chhapra & Muzaffarpur Jn. |
| 02570 | New Delhi | 12:15 | Darbhanga | 10:00 | 3 Tier AC Economy, 3 Tier AC, & Sleeper | Kanpur Central, Aishbagh, Chhapra, Muzaffarpur Jn. & Samastipur Jn. |
| 02394 | New Delhi | 13:20 | Patna Jn. | 07:00 | 1st AC, 2 Tier AC, 3 Tier AC, 3 Tier AC Economy, Sleeper, General | Govindpuri, Prayagraj, Pt. Deen Dayal Upadhyaya, Buxar, Ara & Danapur |
| 04036 | New Delhi | 12:00 | Bhagalpur | 10:00 | General | Kanpur Central, Prayagraj Jn., Pt.deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar, Ara, Danapur, Patna Jn, Kiul Jn. & Jamalpur Jn. |
| 04034 | Delhi Jn. | 23:45 | Jaynagar | 23:00 | Sleeper & General | Govindpuri, Prayagraj Jn., Pt.deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar, Ara, Patna Jn, Mokama Jn, Barauni Jn, Samastipur Jn, Darbhanga Jn & Madhubani |
| 02246 | Hazrat Nizamuddin | 23:55 | Patna Jn. | 16:40 | 1st AC, 2 Tier AC, 3 Tier AC | Govindpuri, Prayagraj Jn., Pt.deen Dayal Upadhyaya Jn., Buxar, Ara & Danapur |

During the Rail journey never travel with inflammable objects like Crackers, Petrol, Kerosene, Gas Cylinder etc.

For any kind of information, such as seat availability and time-table etc., passengers are requested to contact RailMadad Helpline No. 139 or may visit Indian Railways website https://enquiry.indianrail.gov.in or NTES App.

NORTHERN RAILWAY
visit us at: www.nr.indianrailways.gov.in

SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE

Please join us on

सम्पादकीय

## नौकरशाही पर लगता तानाशाही का आरोप

देश में जर्मनी प्रतिनिधिमण्डल ने आमद दर्ज की है। केन्द्र सरकार की पहल पर वहां के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने अपने सहयोगियों के साथ भारत में संभावनायें खोजना प्रारम्भ कर दीं हैं। कंसल्टेंसी फर्म केपीएमजी और जर्मन चैंबर्स आफ कामर्स एब्राड यानी एएचके के एक अध्ययन के अनुसार जर्मन कंपनियां भारत में नौकरशाही, भ्रष्टाचार और टैक्स प्रणाली को निवेश में बाधाओं के रूप में देखतीं हैं। बीसीजी के ब्राउन ने तो यहां तक कह दिया है कि यहां बाजार में पैर जमाने में बाधायें बहुत हैं। समाज के अंतिम छोर पर बैठकर देखा जाये तो भारत का तंत्र पूरी तरह से अंग्रेजों की परम्परा में रचा-बसा नौकरशाही की मर्जी पर चलता हुआ प्रतीत होता है। कुछ सालों के लिए आने वाले विधायिका के सदस्यों को कानूनी लचीलेपन की जटिलताओं को रेखांकित करके कार्यपालिका के स्थाई सदस्य व्दारा ऐन-केन-प्रकारेण अपनी सोची समझी योजना के अनुरूप कार्यशैली निर्धारित करवा लेते हैं। दोष सभी सरकारों के पाले में आता है जबकि उपलब्धियों पर नौकरशाही का एकछत्र राज्य रहता है। तनख्वाय, भत्ते, सुविधायें, संसाधन आदि की प्रचुरता के मध्य विलासता भरे जीवन में सांसें लेने वाले नौकरशाहों को देश की आम आवाम गुलाम की तरह ही दिखाई पडती है। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं ने अनेक बार समय की मांग के साथ संशोधनों के व्दारा अपने स्वरूप को सकारात्मक दिशा में परिवर्तित करने का प्रयास किया किन्तु हर बार नौकरशाहों ने उसमें भी अपने रास्ते निकाल लिये। गोरों के काल में नौकरशाहों की तानाशाही ने स्वाधीनता के बाद तो अपनी स्थिति में खासी बढोत्तरी की किया है। कुछ सालों के लिए सत्ता में आने वालों को स्थाई नौकरशाही का समूह अपने ढंग से कार्य करने के लिये बाध्य कर देता है। सच्चाई तो यह है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री जैसे ओहदेदार भी एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की अनियमितताओं पर सीधी कार्यवाही नहीं कर सकते हैं। उन्हें उत्तरदायी नौकरशाह को ही निर्देशित करना पडता है। इन निदेशों को मानने, न मानने के रास्ते भी कानूनी पेंचेदगी के मध्य से ही गुजरते हैं। देश में एक ही तरह के अपराध पर अलग-अलग व्यक्तियों के लिए अलग-अलग मापदण्ड तय करने वाले अनेक मामले सामने आते रहते हैं। वाहनों पर पद, विभाग आदि का नाम लिखकर चलने वालों को शायद ही कभी अपने अनियमित कार्यों के लिये जुर्माना या दण्ड भरना पडता हो। सरकारी तंत्र से जुडे सभी विभाग एक दूसरे के साथ लचीला व्यवहार करते देखे जा सकते हैं। पटवारी के व्दारा भू-स्वामी की जमीन के कागजातों पर मनमाना अंकन करने के बाद शायद ही कभी पटवारी, कानूनगो, तहसीलदार के विरुध्द आपराधिक मामला दर्ज हुआ हो, अधिकांश प्रकरणों में अंकन सही करवाने की पहल पीडित को स्वयं करना पडती है। खुलेआम भारी भरकम अतिक्रमण करने वाले प्रभावशलियों को निरंतर अनदेखा करके नौकरशाही व्दारा निरीह लोगों पर कार्यवाही करके लक्ष्य पूर्ति के आंकडे तैयार कर लिये जाते हैं। लाखों रुपये के बकाया बिजली बिलों के बाद भी सरकारी विभागों, असरदार लोगों, नौकरशाहों के विद्युत संयोजन विच्छेद नहीं किये जाते जबकि आम आवाम के परिस्थितिजन्य कारणों से बिल भुगतान में होने वाली देरी हेतु उसे तत्काल दण्डित कर दिया जाता है। वाहन चैकिंग के दौरान नियमों की धज्जियां उडाने वाले स्थानीय असरदार लोगों तथा नौकरशाहों के वाहनों को नजरंदाज करके दूर-दराज के जिलों, प्रदेशों में पंजीकृत वाहनों का नम्बर देखकर प्रत्यक्ष और ई चालान काट दिये जाते हैं ताकि वसूली का आंकडा पार किया जा सके। रेल में यात्रा के दौरान शयनयान में तो स्वयं की आरक्षित सीट पर कब्जा पाना भी बेहद कठिन हो गया है। अब तो हालात यहां तक पहुंच गये हैं कि खाकीधारी, रेल कर्मचारी, दैनिक यात्रा के पासधारियों व्दारा दबंगी के साथ वातानुकूलित कोचों पर भी जबरन कब्जा किया जाने लगा है। सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए पात्र व्यक्तियों को आवेदन करने में ही नाकों चने चबाने पड रहे हैं जबकि नौकरशाही तक सीधा सम्पर्क रखने वालों के आवेदनों का सत्यापन के बिना ही स्वीकृत किये जाने वाली घटनायें अक्सर सुर्खियां बनती रहतीं हैं। पुलिस के डंडे से बचने का उपाय अपराधविहीन गतिविधियां, निर्दोष स्थिति या कानूनी धाराओं का अनुपालन नहीं बल्कि नौकरशाहों के फरमानों को आंख बंद करके मानना है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था के विस्तार की जरूरत

कुछ समय पहले विश्व बैंक ने भारत को चेताया है कि उसे अमेरिका की वर्तमान प्रति व्यक्ति आय के एक-चौथाई स्तर तक पहुंचने में अभी 75 वर्ष का समय और लग सकता है। उसने यह भी रेखांकित किया है कि मध्यम वर्गीय प्रति व्यक्ति आय के जाल में फंसना भारत के लिए बहुत संभव होता दिख रहा है। वर्तमान में भारत में प्रति व्यक्ति आय 2, 500 डॉलर है और इसे 20, 000 डॉलर तक पहुंचने में 2047 की विकसित भारत बनने की समय सीमा से भी अधिक समय लग सकता है। प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने की चुनौतियां भविष्य में और गंभीर हो सकती हैं। वैश्विक मानकों के अंतर्गत उच्च मध्यवर्गीय आय की आर्थिक सीमा 13, 845 डॉलर तक है। विश्व बैंक ने यह भी बताया है कि 1990 से लेकर अब तक वैश्विक स्तर पर मात्र 34 देश ही मध्यम वर्गीय आय से उच्च स्तर की प्रति व्यक्ति आय के दायरे में पहुंच पाये हैं। वे 34 मुल्क, मात्र 25 करोड़ के लगभग जनसंख्या का ही प्रतिनिधित्व करते हैं, जो भारत की वर्तमान आबादी के 20 प्रतिशत से भी कम है। भारतीय अर्थव्यवस्था की तरक्की और उसकी चुनौतियों पर हो रही चचाओं के बाद से आर्थिक विस्तार एवं प्रगति को देखने-समझने का नजरिया बदलने लगा है। यह सवाल पूछा जा रहा है कि जीडीपी में निरंतर बढ़ोतरी का बहुत अधिक महत्व क्यों है। वर्तमान में सर्वाधिक जीडीपी वाले शीर्ष के 10 देशों में सबसे कम प्रति व्यक्ति आय भारत की है। इस समय भारत 3.94 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के संदर्भ में अक्सर इसकी विशाल जनसंख्या का एक विपरीत संदर्भ सदैव रहता है, पर सवाल उठता है कि चीन की अधिक आबादी का क्या। आर्थिक विकास के मोर्चे पर जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय में चीन ने भारत को करीब डेढ़ दशक पहले ही पीछे छोड़ दिया था। यकीनन भारत ने पिछले तीन-चार दशकों में आर्थिक विकास का एक सुखद सफर तय किया है और जीडीपी एवं प्रति व्यक्ति आय में निरंतर बढ़ोतरी हुई है। साठ से नब्बे के तीन दशकों तक भारत में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी दो गुना से कम ही दर्ज हुई, जबकि आर्थिक सुधारों के बाद से अब तक इसमें करीब पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। लेकिन विश्व बैंक के अनुसार भारत को अब आमूलचूल परिवर्तन करने ही पड़ेंगे, अन्यथा अधिकांश आबादी का मध्य आय के जाल में फंसे रहना निश्चित है। पिछले 15 वर्षों से भारत की विकास दर पांच प्रतिशत या उससे अधिक रही है, पर इसी मामले में कुछ अन्य देशों, जिनमें कोरिया मुख्य उदाहरण के तौर पर सामने आता है, ने पिछले 50 वर्षों से अपनी विकास दर को बरकरार रखा है। भारत के पास अभी आगामी 20 से 25 वर्षों तक के लिए एक चुनौती है कि वह अपनी न्यूनतम विकास दर को पांच प्रतिशत या उससे अधिक बनाये रखे। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में हुई प्रगति तथा भारतीयों के व्यक्तिगत आर्थिक जीवन स्तर में हुई वृद्धि ऐसे दो मुख्य आयाम है, जिनके बीच में एक तार्किक संबंध को स्थापित करना आवश्यक है। पिछले तीन दशक से दोनों में एक सकारात्मक संबंध भारतीय समाज में देखने को मिलता है। उदाहरण के लिए, 2000 के दशक में पांच हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पाने वाले व्यक्ति के लिए तब उपलब्ध न्यूनतम लागत की कार को खरीदने की क्रय क्षमता तीन से पांच वर्ष तक होती थी, जो आज छह माह पर आ गयी है क्योंकि अब वेतन 60 हजार रुपये प्रतिमाह के बराबर है। एक अन्य रोचक तथ्य यह है कि पिछले कुछ वर्षों से भारतीय समाज के जो परिवार निम्न मध्यम आय वर्ग से मध्यमवर्गीय आय की श्रेणी में पहुंचे हैं, उनमें हवाई यात्रा के उपयोग का प्रचलन बढ़ा है क्योंकि वे उसका खर्च वहन करने में सक्षम हुए हैं। यह भी सच है कि प्रतिस्पर्धा के चलते हवाई यात्रा की लागत नियंत्रण में रही है। यह तथ्य एक विचित्र स्थिति को प्रस्तुत करता है कि आज भी भारत के विनिर्माण क्षेत्र द्वारा उत्पादित रेडीमेड कपड़ों को खरीदने की पहुंच आबादी के 20 प्रतिशत लोगों तक ही है क्योंकि उसकी लागत तीन हजार रुपये या उससे अधिक है। वहीं समाज का एक बहुत बड़ा तबका जो 300 से 500 रुपये तक की कमीज या पतलून पहनता है, जिसे भारत बांग्लादेश व वियतनाम जैसे देशों से खरीदता है।

# बिहार को साम्प्रदायिकता की आग में झोंकने का कुत्सित प्रयास?

**दरअसल गिरिराज सिंह भाजपा के स्टार फायर ब्रांड नेताओं में स्वयं को योगी आदित्यनाथ व हिमंत विस्वा सरमा की तरह स्थापित करना चाहते हैं। जाहिर है किसी भी पार्टी का कोई भी नेता जब अपनी सकारत्मक सोच, जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों व विकास सम्बन्धी योजनाओं के बल पर अपनी पहचान नहीं बना पाता तो उसके लिये सबसे आसान तरीका यही होता है कि वह धर्म व साम्प्रदायिकता की राजनीति करे। और जब भाजपा जैसे राजनैतिक दल इन नेताओं को टिकट देकर मंत्री व मुख्यमंत्री बनाने लगें तो इससे उनकी हौसला अफजाई होनी भी स्वभाविक है। गिरिराज सिंह भी अपने दिल में कुछ ऐसी ही दूरगामी राजनैतिक इच्छाओं को पाले हुये बिहार जैसे सद्भावपूर्ण राज्य को साम्प्रदायिकता की आग में झोंकने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।**



**तनवीर जाफरी**
**लेखक**



राजनैतिक यात्राओं से बिहार का गहरा नाता रहा है। भारतीय जनता पार्टी नेता लालकृष्ण आडवाणी ने जब सोमनाथ से अयोध्या तक की रथ यात्रा निकाली थी उस दौरान अयोध्या पहुँचने से पहले ही बिहार के समस्तीपुर में 22 अक्टूबर 1990 को तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव द्वारा उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया था। उस समय विश्वनाथ प्रताप सिंह भारत के प्रधानमंत्री थे। केंद्र में नेशनल फ्रंट की भाजपा के समर्थन से चलने वाली सरकार थी। अडवाणी की रथ यात्रा जहाँ जहाँ से गुजर रही थी वहाँ सांप्रदायिक माहौल खराब हो रहा था। कई जगह साम्प्रदायिक दंगे भी भड़क उठे थे। एक तरफ अडवाणी समर्थक पूरी यात्रा के दौरान जय श्रीराम और सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे जैसे नारे लगा रहे थे वहीं दूसरी तरफ लालू यादव का मत था की इसतरह की यात्रा से देश में साम्प्रदायिक तनाव बढ़ रहा है। इस यात्रा का देश की राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ा। भाजपा ने आडवाणी की गिरफ़्तारी के विरोध स्वरूप विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार से समर्थन वापस ले लिया। दूसरी तरफ इस आंदोलन ने भाजपा में एक नई जान फूँक दी। उसके बाद जनवरी 2024 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी जिस समय मणिपुर से मुंबई तक देश के 15 राज्यों के 110 जिलों की यात्रा पर थे उस दौरान उन्होंने भी बिहार में चार दिनों में 425 किलोमीटर की दूरी किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार व अररिया जैसे जिलों में की थी। इस यात्रा का नाम था ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्राह्ल। इस यात्रा में राहुल समाज के सभी वर्गों को जोड़ने तथा समाज के शोषित वर्ग को न्याय दिलाने की बात किया करते थे। इसके अतिरिक्त भी बिहार की जो यात्रायें चर्चित रहीं उनमें विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी की निषाद संकल्प यात्रा, प्रशांत किशोर की जन सुराज यात्रा तथा सीपीआई-एमएल की न्याय यात्रा व तेजस्वी यादव की कार्यकर्त्ता संवाद यात्रा उल्लेखनीय है। परन्तु गत 18 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा जो ह्यहिंदू स्वाभिमान यात्राह्ल शुरू की गयी थी उसके तेवर, मकसद व नीयत सब कुछ विवादित था। यही वजह थी कि न केवल बीजेपी ने गिरिराज सिंह की इस यात्रा से खुद को अलग रखा बल्कि बिहार में बीजेपी की सत्ता सहयोगी जनता दाल यूनाइटेड ने भी इस यात्रा का विरोध किया। जिसके चलते गिरिराज सिंह को यह यात्रा 20 अक्टूबर को ही रोकनी पड़ी। परन्तु इस बीच भागलपुर से शुरू हुई उनकी यात्रा किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया होते हुये अररिया पहुँच चुकी थी। यह जिले सीमांचल क्षेत्र के जिले कहे जाते हैं। जहाँ मुसलमानों की घनी आबादी है। यह वही इलाके हैं जिनमें कई सीटों पर असदुद्दीन ओवैसी भी बड़ी उम्मीदें लेकर अपने उम्मीदवार तो जरूर खड़ा करते हैं परन्तु क्षेत्र के लोग उनके झांसे में भी नहीं आते। सवाल यह है कि स्वयं केंद्रीय मंत्री होने तथा बिहार में भी भाजपा-जे डी यू गठबंधन की सरकार होने के बावजूद गिरिराज सिंह को राज्य में ह्यहिंदू स्वाभिमान यात्राह्ल निकालने की जरुरत क्यों महसूस हुई? ऐसा तो संभव नहीं है कि वह यात्रा की योजना बना रहे हों और उन्हीं की पार्टी को इस यात्रा की जानकारी न हो? और यदि यात्रा शुरू हो ही चुकी थी तो किन कारणों से भाजपा ने इस यात्रा से अपना पल्ला झाड़ा और यात्रा निर्धारित समापन तिथि से पहले ही समाप्त कर दी गयी? माना जा रहा है कि भाजपा अपने सहयोगी व बिहार सरकार के मुखिया नीतीश कुमार से नाराजगी मोल नहीं लेना चाहती थी। क्योंकि जहां केंद्र में नीतीश कुमार के समर्थन से भाजपा की सरकार चल रही है वहीं बिहार में भाजपा, नीतीश कुमार की जे डी यू-भाजपा सरकार में सहयोगी है। जाहिर है गिरिराज सिंह की यात्रा को लेकर भाजपा नीतीश कुमार से नाराजगी मोल नहीं लेना चाहती थी। इस वजह से भी गिरिराज सिंह की यात्रा को पार्टी ने समर्थन भी नहीं दिया और यात्रा भी बीच में ही रुकवा दी। परन्तु इस यात्रा के मकसद को लेकर कई तरह की चचाएं चल रही हैं। एक तो यह कि क्या यह यात्रा पड़ोसी राज्य झारखण्ड में 13 से 20 नवंबर के दौरान होने जा रहे विधान सभा चुनवों के मद्देनजर शुरू की गयी थी ताकि साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का प्रभाव पड़ोसी राज्य के नाते झारखण्ड चुनाव पर पड़ सके? या फिर 13 नवंबर को बिहार में चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली गयी थी? या इस यात्रा का मकसद 2025 में बिहार में प्रस्तावित आम विधानसभा चुनावों से पहले राज्य के माहौल को गर्म करना था? राजनैतिक विश्लेषकों द्वारा हालांकि यात्रा के मकसद को लेकर उपरोक्त कयास लगाये जा रहे हैं। परन्तु इस राज्य में पूर्ण रूप से साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का खेल खेलना उस तरह शायद संभव नहीं जैसा कि गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश व उत्तरांचलव असम जैसे राज्यों में किया गया है या करने की कोशिश की जा रही है। शायद इन्हीं कोशिशों के तहत गिरिराज सिंह ने अपनी यात्रा की शुरूआत अपने लोकसभा क्षेत्र बेगूसराय से लगभग 150 किलोमीटर दूर उस भागलपुर से की जो 1989 में साम्प्रदायिक दंगों की आग में झुलस चुका था। परन्तु आज वहां पूर्ण शांति है। यही वजह थी कि उन्होंने 19 अक्टूबर को कटिहार में अपनी इसी यात्रा के दौरान ह्यलव जिहाद, लैंड जिहादह्ल थूक जिहाद तथा ह्यरोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठह्ल जैसे नफरत फैलाने वाले कई काल्पनिक व आभासी मुद्दे उठाये।

# दीपावली के दिन गणेश-लक्ष्मी पूजन क्यों? श्रीराम-सीता या लक्ष्मी-विष्णु की क्यों नहीं?

**भगवान विष्णु ने कहा कि तुम कुबेर के स्थान पर किसी अन्य को धन बाँटने का काम सौंप दो। माँ लक्ष्मी बोली कि यक्षों के राजा कुबेर मेरे परम भक्त हैं उन्हें बुरा लगेगा। तब भगवान विष्णु ने उन्हें गणेश जी की विशाल बुद्धि का प्रयोग करने की सलाह दी। लक्ष्मी जी ने गणेश जी को भी कुबेर के साथ बैठा दिया। गणेश जी ठहरे महाबुद्धिमान। वे बोले, माँ, मैं जिसका भी नाम बताऊँगा, उस पर आप कृपा कर देना और इसमें कोई किंतु परन्तु नहीं होनी चाहिए। लक्ष्मी जी ने हाँ कर दी।अब गणेश जी लोगों के सौभाग्य के विघ्न, रुकावट को दूर कर उनके लिए धनागमन के द्वार खोलने लगे। कुबेर भंडारी देखते रह गए, इस प्रकार गणेश जी कुबेर के भंडार का द्वार खोलने वाले बन गए।**



**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
**लेखक**




सर्वविदित है कि दिपावली अंधकार पर प्रकाश की विजय का धोतक है। उपनिषदों में भी कहा गया है कि एक ज्योति होता है, जो पृथ्वी की समस्त वस्तुओं से परे, ध्रुव लोक से परे, उच्च से उच्च लोकों में भी जगमगा रही है और यही वह दिव्य ज्योति होता है जो प्राणी मात्र के ह्रदय में भी विराजती है। दीपावली को कालरात्रि और महानिशा की संज्ञा भी दी गई है। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार समस्त सृष्टि की मूलभूत आद्याशक्ति महालक्ष्मी है। वह सत्य, रज और तम तीनों गुणों का मूल समवाय है। वहीं आद्याशक्ति है। वह समस्त विश्व में व्याप्त होकर विराजमान है। वह लक्ष्य और अलक्ष्य, इन दो रूपों में रहती है। लक्ष्य रूप में यह चराचर जगत ही उसका स्वरूप हैं और अलक्ष्य रूप में यह समस्त जगत की सृष्टि का मूल कारण है। उसी से विभिन्न शक्तियों का प्रादुर्भाव होता है। दीपावली के दिन इसी महालक्ष्मी का पूजा होता है। तामसिक रूप में वह क्षुधा, तृष्णा, निद्रा, कालरात्रि, महामारी के रूप में अभिव्यक्त होती है। राजसिक रूप में वह जगत का भरण-पोषण करने वाली श्री के रूप में उनलोगों के घर में आती हैं। जिन्होंने पूर्व जन्म में शुभ कर्म किए होते हैं। परन्तु इस जन्म में उनकी वृति पाप की ओर जाती है तो वह भयंकर अलक्ष्मी बन जाती है। सात्विक रूप में वह महाविद्या, महावाणी भारती, वाक, सरस्वती के रूप में अभिव्यक्त होती है।मूल आद्याशक्ति ही महालक्ष्मी है। प्रायः देखा जाय तो लोगों के मन मस्तिष्क में यह संशय बना रहता है कि जब दीपावली भगवान श्रीराम के 14 वर्ष वनवास के उपरांत अयोध्या लौटने की खुशी में मनाई जाती है तो फिर दीपावली के दिन गणेश-लक्ष्मी पूजन क्यों होता है? जबकि श्रीराम और सीता की पूजा होना चाहिए। यह भी संशय बना रहता है कि लक्ष्मी के साथ गणेश जी की पूजा क्यों होती है, विष्णु भगवान की क्यों नहीं? जानकारी के अनुसार दीपावली का उत्सव दो युग, सतयुग और त्रेता युग से संबद्ध है। सतयुग में समुद्र मंथन से उस दिन लक्ष्मी जी प्रगट हुई थी इसलिए लक्ष्मी जी का पूजन होता है और भगवान श्रीराम भी त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या लौटे थे तो अयोध्या वासियों ने घर घर दीप जलाकर उनका स्वागत किया था, इसलिए इसका नाम दीपावली पड़ा। लक्ष्मी जी समुद्र मंथन में मिली और भगवान विष्णु ने उनसे विवाह किया, लक्ष्मी जी को धन और ऐश्वर्य की देवी बनाया गया। लक्ष्मी जी ने धन बाँटने के लिए कुबेर को अपने साथ रखा। कुबेर बड़े ही कंजूस थे, वे धन बाँटते ही नहीं थे। लक्ष्मी जी व्यथा भगवान विष्णु को बताई। भगवान विष्णु ने कहा कि तुम कुबेर के स्थान पर किसी अन्य को धन बाँटने का काम सौंप दो। माँ लक्ष्मी बोली कि यक्षों के राजा कुबेर मेरे परम भक्त हैं उन्हें बुरा लगेगा। तब भगवान विष्णु ने उन्हें गणेश जी की विशाल बुद्धि का प्रयोग करने की सलाह दी। लक्ष्मी जी ने गणेश जी को भी कुबेर के साथ बैठा दिया। गणेश जी ठहरे महाबुद्धिमान। वे बोले, माँ, मैं जिसका भी नाम बताऊँगा, उस पर आप कृपा कर देना और इसमें कोई किंतु परन्तु नहीं होनी चाहिए। लक्ष्मी जी ने हाँ कर दी।अब गणेश जी लोगों के सौभाग्य के विघ्न, रुकावट को दूर कर उनके लिए धनागमन के द्वार खोलने लगे। कुबेर भंडारी देखते रह गए, इस प्रकार गणेश जी कुबेर के भंडार का द्वार खोलने वाले बन गए। गणेश जी की भक्तों के प्रति ममता कृपा देख लक्ष्मी जी ने गणेश जी को आशीर्वाद दिया कि जहाँ वे अपने पति नारायण के साथ नहीं रहेंगी, वहाँ पुत्रवत गणेश जी रहेंगे। कार्तिक अमावस्या को दीपावली मनाया जाता है और भगवान विष्णु उस समय योगनिद्रा में रहते हैं, योगनिद्रा से वे जागते हैं ग्यारह दिन बाद देव उठनी एकादशी को। लक्ष्मी जी को पृथ्वी भ्रमण शरद पूर्णिमा से दीपावली तक करने आना होता है, इसलिए लक्ष्मी जी अपने सँग गणेश जी को ले आती हैं।इसलिए दीपावली को लक्ष्मी जी के साथ गणेश जी की पूजा होती है।दिपावली पर्व पंचदिवसीय पर्व होता है। इसका आरम्भ धनत्रयोदशी से होकर भाई दूज तक चलता है। इस पंचदिवसीय पर्व की परम्पराएं आरोग्य, दीघार्यु एवं सुख समृद्धि प्राप्ति के साथ साथ पारिवारिक सामाजिक दायित्वों के निर्वहन एवं उल्लास, उमंग, हर्ष और नवीन आशाओं के सपने से ओत प्रोत होता है। धनतेरस पर यम के निमित दीपदान, चतुर्दशी पर यमतर्पण एवं दीपदान आदि अपमृत्यु से बचाव एवं दीघार्यु की प्राप्ति का धार्मिक प्रयास माना गया है। धनतेरस पर नवीन वर्तनों एवं वस्तुओं की खरीदगी की जाती है, दीपावली पर महालक्ष्मी, श्रीगणेश, कुवेर आदि देवी देवताओं के पूजन करने की परम्पराएं है, धन, सुख एवं समृद्धि प्राप्ति से प्रत्यक्षतः रूप से यह पर्व जुड़ी हुई है। गोत्रीरात्रि व्रत, अन्नकूट आदि की परम्परा पशुपालन एवं कृषि के माध्यम से सुख समृद्धि प्राप्ति से संबंधित है। पंचदिवसीय पर्व में पहला दिन कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी व्रत मनाया जाता है। इस दिन धनतेरस, धन्वन्तरी पूजा एवं प्राकट्योत्सव, नवीन वस्तुओं का क्रय, दीपदान, कुवेर पूजन और गोत्रीरात्र व्रत मनाया जाता है। दूसरा दिन कार्तिक कृष्ण पक्ष को रूप चतुर्दशी व्रत मनाया जाता है। इस दिन उबटन से स्नान, यमतर्पण, श्रीहनुमान पूजन एवं जन्मोत्सव दीपदान और छोटी दीपावली मनाया जाता है। तीसरा दिन कार्तिक पक्ष की अमावस्या व्रत मनाया जाता है। इस दिन पितृपूजन, महालक्ष्मी पूजन, दीपमाला, लक्ष्मी उपासना, काली उपासना किया जाता है। चौथा दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा व्रत मनाया जाता है। इस दिन अन्नकूट और गोवर्धन पूजा किया जाता है। पांचवा दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया को यमुना स्नान, यमतर्पण, चित्रगुप्त पूजा, विश्वकर्मा पूजा, बहिन के घर भोजन और बहिन द्वारा भाई को टीका लगाया जाता है

# मिट्टी के दीये जलाएं, प्रदूषण को दूर भगाएं और परंपरा जीवंत बनाएं

**प्रियंका सौरभ**


आज की भागती दौड़ती जिन्दगी में लोग अपनी परंपरा को भूलते जा रहे हैं। इसका परिणाम है कि आज देश में पर्यावरण संकट के साथ-साथ कई तरह की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिसके चलते सभी लोग और जीव-जंतु के जीवन पर संकट है। इस परंपरा में एक दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये जलाना भी है। जिसको आज लोग भूलते जा रहे हैं और उसकी जगह पर इलेक्ट्रानिक लाइटों का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन जो सुंदरता मिट्टी के दीये जलने पर दिखती है वह इलेक्ट्रानिक लाइटों के जलने से नहीं। इस बात को स्वयं लोग भी स्वीकार कर रहे हैं और इस परंपरा को लोगों के भूलने पर चिंता भी व्यक्त कर रहे हैं। मिट्टी के दीये जलाना परंपरा के साथ हमारी संस्कृति है। अपनी संस्कृति को कोई कैसे भूल सकता है। इसका सभी लोगों को ध्यान रखना चाहिए। मिट्टी के दीये जलाने के कई लाभ है। जिसका उल्लेख कई जगहों पर देखने और सुनने को मिलता है। इसलिए सभी लोग मिट्टी के दीयें जलाएँ। दीपावली का त्यौहार मिट्टी के दीये से जुड़ा हुआ है। यह हमारी संस्कृति में रचा-बसा हुआ है। दीया जलाने की परंपरा आदि काल से रही है। भगवान राम की अयोध्या वापसी की खुशी में अयोध्यावासियों ने घर-घर दीप जलाया था, तब से ही कार्तिक महीने में दीपों का यह त्यौहार मनाये जाने की परंपरा रही है। पिछले दो दशक के दौरान कृत्रिम लाइटों का क्रेज बढ़ा है। आधुनिकता की आंधी में हम अपनी पौराणिक परंपरा को छोड़ कर दीपावली पर बिजली की लाइटिंग के साथ तेज ध्वनि वाले पटाखे चलाने लगे हैं। इससे एक तरफ मिट्टी के कारोबार से जुड़े कुम्हारों के घरों में अँधेरा रहने लगा, तो ध्वनि और वायु प्रदूषण फैलानेवाले पटाखों को अपना कर अपनी सांसों को ही खतरे में डाल दिया। अपनी परंपराओं से दूर होने की वजह से ही कुम्हार समाज अपने पुश्तैनी धंधे से दूर होता जा रहा है। दूसरे रोजगार पर निर्भर होने लगे हैं। एक समय था जब दीपावली पर्व को लेकर लोग मिट्टी के दीये खरीदने के लिए पहले ही कुम्हार को आर्डर कर देते थे। तब गाँव या अन्य किसी गाँव के कुम्हार के घर के सभी सदस्य काम में व्यस्त होते थे। दीपावली पर्व पर कई लोगों के आर्डर को पूरा करने में दिन-रात एक कर मेहनत करते थे। हालांकि उस समय उतनी आमदनी नहीं होती थी, लेकिन कुम्हारों की भी एक रुचि रहती थी कि इस परंपरा को जीवंत रखना है। लेकिन आज लोग मिट्टी के दीये जलाना धीरे-धीरे कम कर दिए हैं, इससे अब कुम्हार भी इसमें रुचि नहीं ले रहे। जिसका नतीजा है कि आज दीपावली पर्व में लोग घर में दो-चार मिट्टी के दीये जला कर सिर्फ.एक परंपरा को किसी तरह निर्वहन कर रहे हैं। ज्यादातर लोग इलेक्ट्रानिक लाइटों, झालर और अन्य लाइटों को जला कर ही दीपावली पर्व में अपने घर को रोशनी से जगमग करने की कोशिश कर रहे हैं। हम सभी अब दीपावली के नाम पर पर्यावरण को दूषित कर रहे हैं। अब हमें पुनः अपनी परंपरा को समझना होगा। हमें मिट्टी के दिये जलाने की परंपरा की पुनः शुरूआत करनी होगी। इससे कीड़े मकोड़े मरते हैं। झालर और लाइट से कीड़े नहीं मरते। हमारी संस्कृति सरसों के तेल के दिये जलाना है, अच्छे पकवान बनाना, मिठाइयाँ खाना और पड़ोसी को भी खिलाना, लोगों को उपहार देना आदि है। लेकिन लोग अब उतने समझदार नहीं हैं इसलिए पटाखे छूटेंगे। लोग मिट्टी के दीये जलाएँ। इससे प्रदूषण भी नहीं होगा और परंपरा भी जीवंत रहेगी। दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये जलाना पूर्वजों के द्वारा बनाई गई परंपरा है। इसे हम सभी लोगों को बरकरार रखना चाहिए। दिवाली में मिट्टी के दीये जलाना हमारी संस्कृति और प्रकृति से जुड़ने का बहुत ही सुगम साधन है। यह भारतीय संस्कृति में बहुत ही शुभ और पवित्र माना जाता है। मिट्टी के दीये प्रेम, समरसता और ज्ञान के प्रतीक हैं। सामाजिक व आर्थिक आधार पर भी दीयों की खूबसूरती जगजाहिर है। इस बार दीपावली के दिन मिट्टी के दीये जलाने का संकल्प लेकर संस्कृति का बचाव करना है। सभी लोग मिट्टी के दिये ही जलाएँ। आज की युवा पीढ़ी इलेक्ट्रानिक लाइटों के प्रति अधिक रुचि रख रही है। घरों को सजाने से लेकर दीये जलाने में इलेक्ट्रानिक लाइटों का ही उपयोग कर रही है। जबकि यह सोचना चाहिए कि हमारी संस्कृति और परंपरा का निर्वहन करना युवाओं के कंधे पर ही है। गाँव या किसी शहर में जो कुम्हार है वह आज भी मिट्टी के दीये बनाते हैं। इसमें उन्हें सिर्फ.आमदनी का लालच नहीं होता बल्कि उनमें अपनी संस्कृति और परंपरा को बरकरार रखने का उत्साह होता है। लेकिन लोग इसे भूलते जा रहे हैं। परंपरा व पर्यावरण के संरक्षण के लिए मिट्टी के दीये जलाना है। इनसे कोई प्रदूषण नहीं होता। कृत्रिम रोशनी आंखों और त्वचा के लिए हानिकारक होती है। मिट्टी के दीये की रोशनी आंखों को आराम पहुँचाती है। मिट्टी के दीये हमारी संस्कृति के एक अहम अंग हैं। दिवाली पर इसे जला कर हम अपनी परंपराओं को याद रखते हैं। मिट्टी के दीये बनाने वाले कारीगरों को प्रोत्साहित करने का भी यह अच्छा मौका है। आइये, इस दीपावली, हम सभी मिलकर मिट्टी के दीये जलाएँ और एक स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण बनाने में अपना योगदान दें। लोगों को इस पर विचार करना चाहिए। वर्तमान में अपनी परंपरा को बरकरार रखने और पर्यावरण बचाने के लिए इस दीपावली मिट्टी की दीये जलाने के प्रति लोगों खास कर बच्चों व युवाओं को जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाएँ।

# छठ पूजा पर बाबा बालेश्वर महादेव मंदिर बलिगाँव छठ घाट पर श्रद्धालु करेंगे बनारस की तर्ज पर गंगा आरती का दिव्य दर्शन

■ मनोकामना पूरित इस छठ घाट पर श्रद्धालु व्रती अर्पण करते हैं भगवान भास्कर को अर्घ्य

अमरेन्द्र कुमार मिश्र





गडहनी भोजपुर। प्रखंड के बलिगाँव पंचायत अन्तर्गत बलिगाँव गांव में स्थित बाबा बालेश्वर महादेव मंदिर की महिमा जितनी निराली है उतनी ही निराली मंदिर प्रांगण मे स्थित छठ घाट की है।यहां हजारो हजार की संख्या मे छठ व्रती आदिकाल से भगवान भास्कर की पूजा अराधना कर मनोवांछित फल की प्राप्ति करते हैं।छठ पूजा के अवसर पर एक तरफ जहां महादेव मंदिर को भव्य रूप रंग विरंगे लाइटो से सजाया जाता है वहीं घाट को सुव्यवस्थित बनाते हुए व्रतियों की हर सुविधा का ख्याल रखा जाता है।जानकारी देते हुए पूर्व पंचायत समिति सदस्य बलिगाँव सह बर्तमान पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रंजीत सिंह चौहान ने बताया कि जन जागरण सहयोग समिति के तत्वाधान मे श्रद्धालुओ के द्वारा पूरी तन्मयता के साथ तन मन धन से छठ पूजा की तैयारी जोर शोर जारी कर दी गई है।वहीं उन्होंने बताया कि इस छठ पूजा पर बनारस के विद्वान आचार्यगण पंडितो के द्वारा बनारस के तर्ज पर भव्य गंगा आरती एवं भगवान भास्कर की महाआरती का दिव्य दर्शन श्रद्धालु भक्तगण कर सकेंगे।वहीं सेल्फी प्वाइंट, नाटक, महाआरती इत्यादि आकर्षण का मुख्य केन्द्र होगा।इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से ड्रोन कैमरा से पूजा स्थल की निगरानी कराई जायेगी।वहीं समिति के सदस्य एवं पदाधिकारीगण यथा अजय सिंह, दिनकर सिंह, विक्रांत कुमार, गोविंद सिंह, भास्कर सिंह, अंकित सिंह, पूर्व मुखिया सह बीडीसी प्रतिनिधि उपेंद्र सिंह, टुनटुन सिंह, राजशेखर, अंकुर, आशीष, रविंद्र सिंह, गोलू, ज्योति, नीरज सिंह, वीरेश सिंह आदि ने बताया कि इस घाट पर दुर दराज से हजारो श्रद्धालु छठ करने आते हैं और अपनी मनोकामना सिद्धि का बरदान प्राप्त करते हैं।यह देव स्थल पुरे प्रखण्ड सहित भोजपुर के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहता है।हर साल यहां बहुत ही धूम धाम से छठ पूजा मनाया जाता है।ग्रामीणो के द्वारा घाट पर चेंजिंग रुम बनाया जाता है। यहां पर व्रतियों के लिए सुबह में दातुन से लेकर चाय तक की व्यवस्था की जाती है।इस जगह पर छठ की छटा ऐसी दिखती है मानो स्वयं भगवान सूर्य नारायण एवं छठी मइया विचरण कर रहे हों।

## प्रसिद्ध है लिट्टी चोखा भोज का आयोजन

छठ पूजा के अगले दिन बाबा बालेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण मे जन जागरण सहयोग समिति के द्वारा सामुहिक विशाल लिट्टी चोखा भोज का आयोजन किया जाता है जो क्षेत्र मे प्रसिद्ध है।जनप्रतिनिधि से लेकर बडे बडे दिग्गज इस भोज का हिस्सा बन एकता का परिचायक बनते हैं।रंजीत सिंह बताते हैं कि पूजा के पश्चात सामुहिक रूप से लिट्टी चोखा का आयोजन समिति के सदस्यो के द्वारा आयोजित किया जाता है।इस भोज मे लगभग तीन से चार हजार के आसपास लोग शामिल होकर भोज का आनन्द उठाते हैं।भोज पर गणमान्य अतिथियो का स्वागत भी किया जाता है।

# भोजपुर पुलिस की बड़ी उपलब्धि

## अवैध हथियार व कारतूस के साथ एक को किया गिरफ्तार



प्रातः किरण संवाददाता

भोजपुरःआरा सदर एएसपी परिचय कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई उदवंतनगर थानान्तर्गत ग्राम बेलाउर में कुछ व्यक्ति हथियार लहरा रहे हैं तथा किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष, उदयंतनगर को आसूचना का सत्यापन, अभियुक्तों कि गिरफ्तारी एवं हथियार बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के सत्यापन हेतु थानाध्यक्ष, उदवंतनगर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं बल के साथ ग्राम बेलाउर पहुँचा तथा सन्नी उर्फ ऋषि चौधरी पे०-अरविन्द चौधरी सा०-बेलाउर थाना-उदवंतनगर जिला-भोजपुर को 01 पिस्टल एवं 12 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में उदवंतनगर थाना कांड सं0-481/24 दि0-26.10.24 धारा-25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्टअन्तर्गत दर्ज किया गया।बरामद वस्तुएँः- पिस्टल01एवंजिन्दा कारतूस-12 गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता सन्नी उर्फ ऋषि चौधरी पे०-अरविन्द चौधरी सा०-बेलाउर थाना-उदवंतनगर जिला-भोजपुर अपराधिक इतिहास रहा है जिसे गिरफ्तार जेल भेज दिया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## चोरी के मोटरसाइकिल के साथ किया गया गिरफ्तार

दावथ (रोहतास )शराब कांड के आरोपी को चोरी के एक मोटरसाइकिल के साथ किया गया गिरफ्तार। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दावथ कृपाल जी ने बतलाया कि दावथ थाना कांड संख्या 206/23 दिनांक 26.1023 धारा 30( ) बिहार मद्य निशेष एवं उत्पाद संसोधन अधिनियम के वांक्षित प्राथमिक अभियुक्त विक ास कुमार पिता स्व कपिल यादव ग्राम चकचातर थाना दावथ जिला रोहतास को दावथ थाना कांड संख्या 108/24 दिनांक 04.04.24 में चोरी गए मोटरसाइकिल के साथ गिरफ़्तार किया गया। उन्होंने गिरफ्तारी की सूचना देते हुए बतलाया कि पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल कर अग्रेतर कारवाई की जा रही हैं '

## राजस्व वसूली में अंचल को जिले में मिला पहला स्थान



प्रातः किरण, संवाददाता

दावथ /सूर्यपूरा (रोहतास) महज 8 महीने में अपने अंचल से सरकार के खाते में राजस्व वसूली कर प्रथम स्थान प्राप्त कराया अंचलाधिकारी सूर्यपुरा गोल्डी कुमारी ने। ज्ञात हो कि राजस्व एवं भूमि सुधार की रैंकिंग में सूर्यपूरा अंचल कार्यालय रोहतास जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है जिसका सारा श्रेय अंचलाधिकारी गोल्डी कुमारी को जाता है ।इस बाबत उनसे बात करने पर उन्होंने बतलाया कि आदमी को अपने काम के प्रति मेहनत करना चाहिए और इस मुकाम को हासिल करने से और बेहतर काम करने का एक अनुभव मिलता है। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने भर से संतोष नहीं करना होगा, बल्कि राज्य स्तर पर प्रथम स्थान दिला सकूं, यह मेरा प्रयास होगा ।उन्होंने आगे बतलाया कि भविष्य में बेहतर करने के लिए सभी को मन लगाकर और तेजी से कार्य करने की जरूरत है। इनके इस सफलता पर मुखिया प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया सीता सिंह, अशोक कुमार सिंह,रमेश सिंह ,हीरालाल सिंह, विजय सिंह, प्रमोद सिंह सुदामा पांडे, सुभाष गिरि सहित कई गणमान्य समाज सेवियां एवं मीडिया कर्मियों ने इन्हें बधाई दी है।

# शक्ति केंद्र घुसियां कला में लोगों ने सुनी मन की बात



प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) : काराकाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय प्रखंड के शक्ति केंद्र घुसियां कला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात 115 वीं कड़ी बड़े ही धूमधाम से दुर्गा मंदिर के प्रांगण में सुनी गई । कार्यक्रम समापन के बाद ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नवीन चंद्र साह ने जिन-जिन बातों को प्रधानमंत्री ने अपने विचारों का शेयर किया । उनमें साइबर क्राइम भारत की आत्मनिर्भरता चंद्रयान महापुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल,बिरसा मुंडा की चर्चा करते हुए बताया कि मन की बात सामूहिक रूप से सुनने के मूल में राष्ट्रीय संगठन एवं सहकारिता की भावना भी पुष्ट होती है । राष्ट्र की आराधना ही सच्ची भावना है ,यही सघन होकर राष्ट्रभक्ति बनती है । मोदी राष्ट्र के हृदय में बसे हुए हैं । बीते दिन पूर्व इस गांव में दो सामाजिक व्यक्तियों की असामयिक मृत्यु हो गई । जिसमें मोहम्मद सगीर खान व योगेंद्र श्रीवास्तव इन दोनों की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा गया । इस कार्यक्रम के अवसर पर राजबली सिंह,चंदेश्वर शर्मा,उदय कुमार, मंगरु पासवान ,बबन सिंह , विशाल सिंह ,धनराज सिंह, बहादुर पासवान ,नानजी पासवान ,रामनाथ साह ,मीना देवी सहित माता बहिन उपस्थित थी । वहीं दूसरी ओर यही कार्यक्रम घुसियां खुर्द गांव बूथ नंबर 98 एवं 99 पर संपन्न हुए । जिसमें अमरेंद्र सिंह ,नवनीत साह ,पूर्व सरपंच धनंजय चौधरी ,धर्मराज चौधरी , प्रोफेसर सुनील कुमार सिंह ,मुन्ना गुप्ता ,संतोष गुप्ता साथ मुख्य अतिथि के रूप में मानपुर शक्ति केंद्र के प्रमुख राजू पांडेय भी उपस्थित थे ।

# जनसंवाद में केंद्रीय गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय पहुंचे तरारी

प्रातः किरण संवाददाता



जन संवाद के दौरान केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित लोगों से तरारी के चहुमुंखी विकास के लिए एनडीए प्रत्याशी विशाल प्रशांत को विजयी बनाने की किया अपील आराःएनडीए प्रत्याशी विशाल प्रशांत उर्फ सुशील पांडेय के समर्थन में तरारी विधानसभा के हसन बाजार, खुटहा बजार व सहार मे रविवार को आयोजित जनसंवाद में केंद्रीय गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय पहुंचे, जन संवाद के दौरान केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित लोगों से तरारी के चहुमुंखी विकास के लिए एनडीए प्रत्याशी विशाल प्रशांत को विजयी बनाने की अपील की।

जन संवाद कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि गांव गांव घर घर बिजली और छोटे छोटे ग्रामीण बसावटो तक सड़क पहुंचाने का काम एनडीए की सरकार में हुआ। एनडीए की सरकार ने राम मंदिर बनाया तो गरीबों का शौचालय भी बनाया। गरीबों के घर तक गैस सिलिंडर के साथ ही पांच किलो मुफ्त आनज देने की व्यवस्था भी की साथ ही गरीबों के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड की भी व्यवस्था की। केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित जनसमूह से 90 की दशक को याद कराते हुए सवाल किया की क्या आप लोग फिर से अहिंसा फैलाने वाले लोगों को बढ़ावा देंगे तो उपस्थित जनसमूह ने कहा कि हम लोग बहुत दुख और दर्द झेल चुके हैं अब हम लोग क्षेत्र में अमन चैन कायम रखने के लिए एनडीए सरकार को समर्थन करेंगे।केंद्रीय मंत्री श्री राय ने कहा कि आपका एक-एक वोट कीमती है। विशाल प्रशांत की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत है। जन संवाद को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री केदार गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के हाथों को मजबूत करने के लिए एनडीए प्रत्याशी विशाल प्रशांत को विजयी बनाइए पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय न तरारी में फिर से विकास की गंगा बहाने के लिए एनडीए प्रत्याशी विशाल प्रशांत को विजयी बनाने की अपील की।

हसन बाजार में जनसंवाद की अध्यक्षता राजेश्वर पासवान संचालन बिनोद कुमार सिंह खुटहा में अध्यक्षता रामानुज सिंह संचालन अरुण प्रताप सिंह और सहार में अध्यक्षता रवि रंजन राय संचालन विजय सिंह मुखिया ने किया।

# मौडिहा गांव में ग्रामीणों के साथ एक सामुदायिक संवाद का हुआ आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता

डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास) : पैरवी के बैनर तले डेहरी प्रखंड के मौडिहा गांव में ग्रामीणों के साथ एक सामुदायिक संवाद रखा गया था,जिसमे बोलते हुए मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने कहा कि गरीबों को न्याय सुलभ कराने की व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने वाले एक संस्थागत तंत्र बनाने की जरूरत है,जिसमे सरकार और समाज दोनो मिलकर काम करे। पैरवी का उद्देश्य विधि के जोखिम में फंसे किशोर और विचाराधीन बंदियों के लिए न्याय की सुलभता को बढ़ावा देना है,जिसके तहत ऐसे वंचित और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क जमानत कराने में सहायता प्रदान की जाएगी।

दिल्ली विश्वविद्यालय के कानून के छात्र साक्षी गोपाल ने कहा कि जैसे ही कोई पुलिस के गिरफ्त में आता है और उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता को खतरा पैदा हो जाता है।

तभी यह पहला अवसर होता है कि वह जमानत पर छूट भी सकता है या पुलिस हिरासत से रिमांड पर भी छूट सकता है । यही वह समय है जब उसे अच्छी कानूनी सलाह और प्रतिनिधित्व की जरूरत है, प्रतिनिधित्व उपलब्ध नहीं कराती।

# भोजपुर पुलिस की बड़ी उपलब्धि अगिऑव बाजार थानान्तर्गत अवैध एक देशी एवं 06 जिन्दा कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता



भोजपुरःआरा सदर एएसपी परिचय कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई अगिऑव थानान्तर्गत ग्राम खम्भाडिहरा में कुछ व्यक्ति हथियार लहरा रहे है तथा किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष, अगिऑव बाजार को आसूचना का सत्यापन, अभियुक्तों कि गिरफ्तारी एवं हथियार बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के सत्यापन हेतु थानाध्यक्ष, अगिऑव बाजार थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं बल के साथ ग्राम खम्माडिहरा पहुँचा तथा अमित पाण्डेय, पिता महेन्द्र पाण्डेय, सा० खम्भाडिहरा, थाना अगिऑव बाजार, जिला भोजपुर को 01 देशी कट्टा एवं 06 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है।इस संबंध में अगिऑव बाजार थाना कांड सं0-135/24, दि०-27.10.24, धारा-25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्टअन्तर्गत दर्ज किया गया।वही बरामद किया।देशी कट्टा-जिन्दा कारतूस गिरफ्तार किया गया । अमित पाण्डेय, पिता महेन्द्र पाण्डेय, सा०-खम्भाडिहरा, थाना-अगिऑव बाजार, जिला-भोजपुर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# दिवाली विद माई भारत कार्यक्रम में चलाया जायेगा स्वच्छता अभियान

भोजपुर, प्रातः किरण । नेहरू युवा केंद्र भोजपुर (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार ) एवं कैट भोजपुर के संयुक्त तत्वाधान में दिवाली विद माई भारत कार्यक्रम के अंतर्गत सूर्य मंदिर, कलेक्टरेट एवं आम्रपाली मार्केट आरा, में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जायेगा । कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कैट के जिला इकाई अध्यक्ष श्री प्रेम पंकज उर्फ लल्लन जी ने स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की लोगों से अपील की ।

उन्होंने कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि इस अभियान में शहर के विभिन्न जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा साथ यह भी कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी का दिवाली विद माई भारत स्वच्छता के प्रति एक अच्छी पहल है ताकि लोग दिवाली में अपने घर के साथ शहर, गांव, गली, आदि की सफाई पर ध्यान दें। यह कार्यक्रम माई भारत संगठन के प्रथम ऐनवर्सरी के उपलक्ष में मनाया जा रहा है। साथ ही दूसरी ओर सुश्री निकिता सिंह जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र भोजपुर ने दिवाली विद माई भारत के बारे में विस्तृत चर्चा की एवं माई भारत के बारे में भी बताया। साथ-साथ मन की स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। माई भारत प्लेटफार्म पर युवा विभिन्न प्रकार की गतिविधिया जैसे उश बिल्डर, इ. एल. पी. इत्यादि में भाग ले सकते है।

# व्यापारियों की बैठक में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल पीरो के जानकी पैलेस में शनिवार की देर शाम आयोजित हुआ बैठक

■ प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक आलोक अंजन ने प्रदेश अध्यक्ष को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। पीरो स्थित जानकी पैलेस में शनिवार की शाम तरारी विधानसभा के उपचुनाव को लेकर व्यापारियों के साथ एक बैठक रखी गई। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जयसवाल, दरभंगा के विधायक रामचंद्र प्रसाद, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता, एमएलसी जीवन कुमार, तरारी के पूर्व विधायक सुनील पांडेय, पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय, जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक आलोक अंजन साथ ही कई गण्यमान्य नेता उपस्थित रहें।

वक्ताओं ने कहा कि इस उप चुनाव में कोई गलती नहीं करना है। एनडीए के प्रत्याशी सुशील पांडेय के हाथो को मजबूत करना है। इस मौके पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक आलोक अंजन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह मंत्री डॉ. दिलीप जयसवाल एवं तरारी से भाजपा प्रत्याशी सुशील पांडेय को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

# राज्य स्तरीय विद्यालय बास्केटबॉल खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन




प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) खेल विभाग बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, बिहार, पटना एवं जिला प्रशासन रोहतास के तत्वाधान में रविवार को राज्य स्तरीय विद्यालय बास्केटबॉल खेल प्रतियोगिता बालक अंडर-14,17,19 का भव्य समापन समारोह मल्टीपर्पस हॉल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविकान्त सिन्हा, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, रोहतास तथा आशुतोष रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम के द्वारा किया गया उनके साथ कार्यक्रम स्थल पर रविन्द्र कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मध्याह्न भोजन, रोहतास,ओम प्रकाश लाल, वरीय उप समाहर्ता, रोहतास,विनिता कुमारी, वरीय उप समाहर्ता, रोहतास, मुक श कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, शिवसागर,श्रीराम मिश्रा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी,करगहर उपस्थित थे। कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत स्वागतगान से किया गया। जिसकी प्रस्तुती स्वामी आत्म विवेकानंद 2 विद्यालय, रेडिया चेनारी के बालिकाओं द्वारा दी गई। इस प्रतियोगिता में रोहतास,दरभंगा, भागलपुर, बेगुसराय, पटना, बक्सर, गया, भोजपुर, मुजफ्फरपुर, प. चम्पारण, मधेपुरा, समस्तीपुर के साथ राज्य एकलव्य प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता हेतु बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, बिहार,पटना के द्वारा नामित 10 तकनीकी पदाधिकारियों एवं चयनकताओं ने पूरे खेल में पादर्शिता और खेल सौहार्द को बनाये रखा। जो अंडर-14 बालक में मुजफ्फरपुर विजेता, गया उपविजेता तथा पटना तृतीय स्थान पर रहा। अंडर-17 बालक विजेता मुजफ्फपुर, उपविजेता गया तथा तृतीय स्थान पर पटना ने कब्जा जमाया। बालक अंडर-19 में विजेता पटना, उपविजेता एकलव्य बिहार एवं तृतीय स्थान पर गया ने कब्जा जमाया। विनय प्रताप, वरीय उप समाहर्त्ता सह उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, रोहतास के द्वारा सभी पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया तथा तकनीकी पदाधिकारियों को भी अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम ने संबोधित करते हुए सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया साथ ही कहा कि बिहार अब खेल में भी अपना परचम लहराने लगा है सभी खेल प्रेमियों के लिए सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत स्तर पर स्टेडियम एवं बिहार के राजगीर में अंतराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम निर्माण कराया जा रहा है। विनय प्रताप, वरीय उप समाहर्त्ता-सह-उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, रोहतास के द्वारा सभी खिलाडियों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।इस पूरे खेल कार्यक्रम में सहयोग हेतु शारीरिक शिक्षकों का उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, रोहतास के द्वारा सराहना की, सहयोगी के रूप में सोनी कुमारी, प्रभात कुमार पाठक, वरूण सिंह, शशिमोहन सिंह, मनोज कुमार, प्रेम प्रकाश कुमार, जयशंकर कुमार, पवन कुमार, उपेन्द्र तिवारी, विकास तिवारी, शंभू राय, शशांक राय, अंकित कुमार,उज्जवल कुमार सिंह, पुजा कुमारी, हेमा कुमारी, ज्योति सिंह, सुधीर कुमार, नवीन कुमार सिंह, शशि रंजन, नवल किशोर सिंह, सत्यप्रकाश सोनकर, शशि प्रताप सिंह एवं एकलव्य प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षु इत्यादि कार्यरत रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन रजनीश ने किया।

# युवाओं ने लगाया एक पेड़ मां के नाम

प्रातः किरण संवाददाता




काराकाट(रोहतास) : काराकाट प्रखंड क्षेत्र के युवा पर्यावरण संरक्षण क्लब गोडारी द्वारा नेहरू युवा केंद्र सासाराम के बैनर तले प्रखंड काराकाट में संघनन वृक्षारोपण के अंतर्गत चल रहे अभियान ह्लएक पेड़ मां के नामह्व कार्यक्रम में युवाओं ने अमरथा खेल-मैदान में वृक्षारोपण किया । उन्होंने शपथ लिया कि वे यथासंभव पर्यावरण संरक्षण का प्रयास लगातार करेंगे । साथ ही नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित फिट इंडिया 5.0 के अंतर्गत स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया । जिसमें युवाओं को स्वस्थ रहने व स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई । युवा वर्ग में पुरुष में प्रथम स्थान विकाश कुमार,द्वितीय स्थान रंजन कुमार,तृतीय स्थान निरंजन कुमार को प्राप्त हुआ । वहीं महिला वर्ग में प्रथम स्थान पुष्पा कुमारी,द्वितीय स्थान सिमी कुमारी, और तृतीय स्थान प्रीति कुमारी ने हासिल किया । युवा पर्यावरण संरक्षण क्लब गोडारी के अध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि ह्लएक पेड़ मां के नामह्व अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर की थी । इसका मकसद प्रकृति के प्रति समर्पण और सम्मान देना है । ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना और धरती के भविष्य को सुरक्षित रखना भी इसका मुख्य उद्देश्य है । शिवम ने कहा कि जलवायु परिवर्तन हमारे और हमारी पीढ़ियों के लिए कई तरह की आपदाओं का सामना करवा सकता है । जलवायु में परिवर्तन करने वाले कारकों को कम करना होगा । यह परिवर्तन हमारे परिवेश की जैव विविधता के साथ- साथ हमारे वातारण को भी हानि पहुंचा रहा है,जिसका हाल का उदाहरण दाना तूफान है । मौके पर नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक तिलेश कुमार के साथ युवा चंदन कुमार, निक्की कुमारी, कविता कुमारी, खुशी कुमारी, शिखा कुमारी, रजनी कुमारी, रितेश कुमार, राजीव कुमार, सत्यम कुमार और अन्य ग्रामीण भी मौजूद थे ।

# दो दिवसीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी सफलतपूर्वक सम्पन्न

प्रातः किरण संवाददाता



आरा, ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय में आयोजित दो दिवसीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी सफलतपूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रातः समय हुई रिमझीम बारिश में भी विद्यालय के बाल वैज्ञानिकगण पूर्ण उत्साह के साथ अपने-अपने प्रोजेक्ट का प्रेजेन्टेशन कर अभिभावकगण एवं अतिथिगण का मन मोह लिया। ज्ञात हो कि ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा अपने वर्ग के सिलेबस पर आधारित विभिन्न प्रोजेक्ट का प्रदर्शन दो दिवसीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी के रूप में 26 एवं 27 अक्टूबर को आयोजित था। विद्यालय प्रांगण में विशाल टेन्ट बनाकर 1140 छात्र-छात्राओं द्वारा लगभग 425 प्रोजेक्ट का डिस्पले किया गया था। बाल विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिए छात्र-छात्राएं अत्यन्त उत्सुकता और उत्साह के साथ अपने प्रोजेक्ट को अतिथियों के सामने पेश कर रहे थे। भ्रमण कर रहे अतिथियों ने विद्यार्थियों के परिश्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ये सभी बच्चे भविष्य में अपने रूचि के विषय के विषेशज्ञ बनेंगे। इनमें भावी वैज्ञानिक की छवि स्पष्ट नजर आ रही है। ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के निदेशक डॉ. आदित्य बिजय जैन के अनुसार विज्ञान विषय केवल रसायन, भौतिकि या जीव विज्ञान तक ही सीमित नहीं है। हमारा मानना है कि किसी भी विषय में विशेष ज्ञान ही विज्ञान है। साथ ही भारतीय पुराने सिक्कों एवं डाक विभाग द्वारा जारी प्रथम दिवस आवरण एवं डाक टिकटों के संग्रह की प्रदर्शनी भी लगाई गई है।प्राचार्या डॉ. सीपी जैन ने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई जाने वाले सभी विषयों में प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इनमें हिन्दी, संस्कृत, भूगोल, समाज विज्ञान, गणित के अलावा भारतीय कला एवं संस्कृति पर भी प्रदर्शन किया गया है।वाईस प्रिंसिपल डॉ. सर्वेश कुमार ने प्रदर्शनी की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि वैसे तो सारे के सारे प्रोजेक्ट एक से बढ़कर एक रहे उसमें भी वर्ग छह के भौतिकी विषय पर आधारित ओपेन एवं क्लोज सर्किट का प्रदर्शन छात्र श्रेष्ठ बिजय जैन, प्रणव गांधी एवं अनन्या अग्रवाल द्वारा क्वीज गेम के रूप में किया गया। इनकी सहायता शिक्षिका ज्येति पाण्डेय ने किया। वाणिज्य संकाय की छात्रा स्वर्णिका जैन और सोमिका ने एक कर एक प्रणाली जी.एस.टी. को विस्तार से बताया जिसमें इनकी सहायता शिक्षक रविश और सत्येन्द्र ने किया। प्रिज्म के माध्यम से प्रकाश का रिएक्शन विज्ञान वर्ग 12 के छात्र देवांशु जिनकी सहायता शिक्षक सत्यम ने किया। प्रकाश का मार्ग वर्ग 5 के सर्वज्ञ जैन ने आदर्श शिक्षिका कविता के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया। हिन्दी और संस्कृत में प्राचीन ग्रंथ की शिक्षा वर्ग 7 की नियाशा अपने सहयोगियों के साथ शिक्षक पंकज एवं श्रीनाथ पाण्डेय के मार्गदर्शन में किया। ज्ञान ज्याति नटखट जोन के नन्हें बच्चों में वर्ग 1 एवं 2 के वेदान्त, नैतिक, पूर्वी ने विलुप्त होते पशुओं को दशार्ते हुए उनके महत्व बताया। इनकी सहायता शिक्षिका सरिता, श्वेता, जया, निशिधा आदि ने की। वहीं अत्यंत सराहा जाने वाला प्रोजेक्ट वर्ग 9 के छात्र-छात्राओं द्वारा भविष्य की नवीनतम तकनीकि लाई-फाई जिसमें प्रकाश से डाटा ट्रांस्फर दिखाया गया। यह तकनीकि वाई-फाई की अपेक्षा कई गुणा सुरक्षित है।इस विज्ञान प्रदर्शनी में आगंतुकों के लिए विभिन्न विज्ञान के प्रोजेक्ट के अनुसार सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था। इसमें रॉकेट, रोबोट, चन्द्रयान, रसायन की प्रयोगशाला का दृश्य, दुलर्भ हो रही प्राकृतिक श्रोतों के प्रबन्धन का सिद्धान्त बताते हुए ह्यफाईव आरह्न रेडियूस, रीयूज, रिफ्यूज, रीपर्पस, रीसाईकिल को दशार्या गया जिसे अत्यन्त सराहते हुए अपने जीवन में अपनाने के लिए कईयों ने बात कही।अरिहन्त बिजय जैन ने श्री कृष्ण साईंस सेन्टर, पटना से पधारे वैज्ञानिकों का आभार प्रकट करते हुए बताया कि इनके द्वारा इस विज्ञान प्रदर्शनी में सक्रिय सहभागिता निभाई गई। श्री कृष्ण साइंस सेन्टर का चलन्त विज्ञान प्रदर्शनी वाहन भी यहां प्रदर्शित था।



# लोग कहते हैं रातोंरात बदलाव आ जाते हैं पर..., बिग बॉस के बाद की लाइफ पर रणवीर शौरी की दोटूक

'बिग बॉस 18' शुरू हो चुका है और दर्शकों का मनोरंजन भी कर रहा है। इस बीच 'बिग बॉस ओटीटी 3' के प्रतियोगियों में से एक रणवीर शौरी ने शो को लेकर अपने अनुभवों को साझा किया है। रणवीर शौरी को लगता है कि रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के तीसरे सीजन में आने से उनके करियर में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया है। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने और क्या कहा है।

### बिग बॉस से बाहर आने पर रणवीर शौरी ने साझा किया अनुभव

हाल ही में, रणवीर ने कहा, मेरे पास कुछ ऑफर हैं, लेकिन शो के बाद जीवन में बहुत बदलाव नहीं आया है। लोग कहते हैं कि रातों-रात बदलाव आ जाते हैं। यह सच नहीं है। उन्होंने आगे कहा, हां, पहले से ज्यादा ध्यान दिया गया है। लेकिन मैं यह देखने के लिए इंतजार कर रहा हूं कि यह काम में कैसे तब्दील होता है।

### यूट्यूब पर ध्यान देंगे अभिनेता

अभिनेता ने खुलासा किया कि वह अपना काम बदल रहे हैं। रणवीर ने कहा, मैं अपना यूट्यूब चैनल आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। शायद मैं अपने दैनिक जीवन के कुछ हिस्सों को व्लॉग के रूप में पोस्ट करूंगा। आप इसे जल्द ही देखेंगे। अभिनेता का कहना है कि हालांकि वह वर्षों से दूसरों से सुनते आ रहे हैं कि वह अच्छे कलाकार हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उन्हें काम के अधिक अवसर मिलेंगे।

### प्रोजेक्ट हो रहे हैं ऑफर

उन्होंने आगे कहा, मैं पिछले कई सालों से यह सुनता आ रहा हूं। लेकिन मैं इससे काम नहीं मिलता है। चीजें आगे बढ़ रही हैं। मुझे कुछ वेब प्रोजेक्ट ऑफर किए गए हैं। और मैं उन्हें फाइनल करने में अपना समय ले रहा हूं। कई अभिनेताओं के साथ हमेशा यही पैटर्न होता है, उनके बारे में बात की जाती है, फिर भी अगला अच्छा प्रोजेक्ट आने तक एक खामोशी छाई रहती है। उन्होंने कहा, देखते हैं इस बार क्या होता है।



# दो पत्ती में कृति सेनन के डबल रोल के पीछे है दिलचस्प किस्सा, खुद सुनाई दास्तां

अभिनेत्री काजोल और कृति सेनन की फिल्म दो पत्ती नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले दो पत्ती की स्टार कास्ट यानी काजोल और कृति ने अमर उजाला को दिए इंटरव्यू में फिल्म की कहानी, किरदार और पुलिस की वर्दी को लेकर बात की है।

### पुलिस का किरदार निभाना जिम्मेदारी है

इंटरव्यू के दौरान काजोल ने कहा कि किसी भी फिल्म में पुलिस का किरदार निभाना सिर्फ किरदार निभाना नहीं होता है, ये एक जिम्मेदारी होती है। बात करने का तरीका बदल जाता है। बोलने का लहजा भी बदल दिया है। पुलिस अफसर फिल्म में पहाड़ी इलाके से आती हैं, जिसका किरदार काजोल निभा रही हैं। काजोल ने इंटरव्यू में कहा कि जब उनकी मां और बाकि परिवार एक साथ बैठता है तो वे बातें करते हैं। उनका और उनके परिवार का मानना है कि एक्टिंग आपका काम है, इसे पूरी जिंदगी नहीं बनानी चाहिए। मैं इसी बात को मानती हूं और कोशिश करती हूं, इसी तरह से काम करूं।

### डबल रोल को लेकर बोलीं कृति सेनन

कृति फिल्म से प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रख रही हैं। उन्होंने कहा कि कहानी मेरे दिल के बहुत करीब है। कृति सेनन ने बताया कि वह कनिका ढिल्लों के पास गई थीं। उनके पास कुछ जुड़वा बहनों की कहानी थी। कनिका ने कृति सेनन से पूछा कि आपके पास कोई स्टोरी आइडिया हो तो बताइए। इस पर कृति ने एक आइडिया बताया और फिल्म पर काम करना शुरू हो गया। काजोल, कृति और शहीर अभिनीत दो पत्ती फिल्म आज यानी 25 अक्तूबर को रिलीज हो गई है। फिल्म में कृति सेनन का डबल रोल है।



# रवीना टंडन के बर्थडे पर राशा ने दी इस अंदाज में दी मां को बधाई



अभिनेत्री रवीना टंडन अपना 50वां जन्मदिन मना रही हैं। रवीना टंडन के जन्मदिन पर उनकी बेटी राशा ने तस्वीर साझा की हैं। उनकी तस्वीर में रवीना टंडन और राशा का खूबसूरत रिश्ता नजर आ रहा है। राशा ने मां के जन्मदिन पर खास अंदाज में प्यार जताया है। राशा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मां को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने केक और बर्थडे पर उत्साहित होने की बात इमोजी भी पोस्ट में साझा की हैं। राशा ने इसमें अपने बचपन की तस्वीर भी शामिल की है, जिसमें वे अपनी मां की गोदी में हैं। राशा अपनी मां के साथ बचपन की तस्वीरों में भी बहुत प्यारी लग रही हैं, दोनों की क्यूट जोड़ी को प्रशंसकों ने पसंद किया है। वहीं, अपने जन्मदिन पर खुद रवीना ने भी मस्ती करते हुए एक वीडियो अपने सोशल मीडिया पर साझा किया है।राशा ने अपने बचपन की तस्वीर भी साझा की है, जिसमें वो अपनी मां गोदी में हंसती हुई नजर आ रही हैं। रवीना और राशा एक साथ तैयार हो रही हैं। इसकी तस्वीर भी उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा की है।



# क्यों भूल भुलैया 2 का हिस्सा नहीं बनीं विद्या बालन?

मुंबई में हाल ही में एक कार्यक्रम में, टी-सीरीज के प्रमुख भूषण कुमार ने खुलासा किया कि अभिनेत्री विद्या बालन ने 2022 की फिल्म भूल भुलैया 2 को अस्वीकार कर दिया था। यह खुलासा आगामी फिल्म भूल भुलैया 3 के एक गाने अमी जे तोमर 3.0 के लॉन्च के दौरान हुआ। वहीं, इस पर विद्या ने भी चुप्पी तोड़ी और भूल भुलैया 2 को अस्वीकार करने का मुख्य कारण बताया।
भूषण कुमार ने कहा, कार्तिक भूल भुलैया 2 में इस प्रतिष्ठित ब्रांड से जुड़े। तब से, यह मेरा सपना था कि विद्या जी इस सीक्वल में भी हों। लेकिन उन्होंने मुझे मना कर दिया। वहीं कार्यक्रम में मौजूद विद्या बालन ने सीक्वल में शामिल होने के प्रति अपनी अनिच्छा के बारे में विस्तार से बताया।

### फ्रेंचाइजी में वापसी का क्यों लिया फैसला?

विद्या बालन ने कहा, मैं बहुत डरी हुई थी क्योंकि भूल भुलैया के पहले भाग ने मुझे बहुत कुछ दिया। मैंने सोचा कि अगर मैंने गलती की, तो सब कुछ खत्म हो जाएगा। मैंने अनीस भाई से कहा था कि मैं यह जोखिम नहीं ले सकती। लेकिन जब उन्होंने मुझे भूल भुलैया 3 ऑफर की, तो मुझे स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई।

### भूल भुलैया 3 की रिलीज डेट

विद्या बालन ने अपनी बात में आगे जोड़ा, मैं अनीस भाई और भूषण के साथ इस फिल्म पर काम करने के लिए उत्साहित थी। कार्तिक आर्यन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी के साथ बालन अभिनीत भूल भुलैया 3 1 नवंबर को दिवाली के अवसर पर रिलीज होगी।

### दिवाली पर होगा बड़ा टकराव

फिल्म में विद्या बालन फ्रेंचाइजी में वापसी करेंगी, जबकि तृप्ति डिमरी और माधुरी दीक्षित नई खिलाड़ी हैं। इस फिल्म का टकराव अजय देवगन अभिनीत फिल्म सिंघम अगेन से होगा, जिसमें करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह और अर्जुन कपूर सहित अन्य कलाकार शामिल हैं।

# मजबूत भूमिकाओं के लिए मशहूर हैं अभिनेत्री कृतिका कामरा





कृतिका कामरा अपना जन्मदिन मना रही हैं। कृतिका ने वर्ष 2007 में यहां के हम सिकंदर के साथ अभिनय की शुरुआत की। कृतिका टीवी की दुनिया में भी सिक्का जमा चुकी हैं, उन्हें प्रेम या पहेली चंद्रकांता में देखा गया था। इसके अलावा कितनी मोहब्बत है में आरोही के रूप में भी वे नजर आईं कृतिका ने 2017 में टीवी इंडस्ट्री छोड़ दी और फिल्मों की ओर रुख किया। कृतिका कामरा आनस्क्रीन मजबूत महिलाओं के किरदारों के चुनाव के लिए जानी जाती हैं। कृतिका को आखिरी बार सीरीज ग्यारह ग्यारह में देखा गया, इन दिनों वे मटका किंग की शूटिंग कर रही हैं।



# सारा ने शुरू की आयुष्मान के साथ मनाली में शूटिंग

सारा अली खान ने आधिकारिक तौर पर अपनी अगली अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसमें उनके साथ आयुष्मान खुराना नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के मुख्य कलाकार आयुष्मान और सारा इस वक्त हिमाचल प्रदेश के मनाली में शूटिंग कर रहे हैं। सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर सारा ने साझा की शूटिंग से तस्वीर
अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में सारा अली खान ऊनी लेगिंग के साथ प्रिंटेड पफड जैकेट पहने नजर आ रही हैं। वहीं आयुष्मान खुराना भी निर्देशक आकाश कौशिक के साथ पोज देते और अपने चेहरे पर हल्की मुस्कान बिखेरते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ सारा ने कैप्शन में कुछ भी नहीं लिखा। इसके अलावा सारा ने मनाली में हिडिम्बा मंदिर के दर्शन करते हुए एक तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में सारा बेहद खुश नजर आ रही हैं। उनके चेहरे से साफ जाहिर हो रहा है कि वह हिडिम्बा मंदिर के दर्शन कर बेहद खुश हैं। बहरहाल, यह कहना मुश्किल है कि यह तस्वीर फिल्म की शूटिंग का ही एक सीन है या फिर उनके इस सफर की एक झलक।
फिल्म की शूटिंग की तैयारियां जोरों पर हैं और जून 2024 तक प्रोडक्शन शुरू होने वाला है। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और सिख्या एंटरटेनमेंट के सहयोग से निर्मित होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार निर्देशक आकाश कौशिक की यह एक अनोखी जासूसी कॉमेडी फिल्म होगी।





# भूल भुलैया 3 में नजर आ सकते हैं अक्षय कुमार

## अनीस बज्मी ने किया इशारा

भूल भुलैया 3 जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। प्रशंसकों को फिल्म में अक्षय कुमार का किरदार बहुत पसंद आया था। भूल भुलैया 3 में अभिनेत्री विद्या बालन नजर आ रही हैं। उनके साथ में माधुरी दीक्षित भी नजर आ रही हैं। इन फिल्मों में अनीस और अक्षय साथ में नजर आ सकते हैं, इसको लेकर बात हो रही है। अनीस और अक्षय इससे पहले भी भूल भुलैया और हेरा फेरी में साथ काम कर चुके हैं।

### अक्षय कुमार पर मेरा हक है

एक इंटरव्यू में अनीस ने कहा, मैं कहा उनके पास कभी भी जा सकता हूं। उनसे बात करने से पहले मुझे सोचना भी नहीं पड़ सकता है। उनके लिए बहुत प्यार है। मैं जानता हूं कि मैं उन्हे फिल्म में काम करने के लिए उन पर जोर दे सकता हूं। उन्होंने कहा कि उनका हक है अक्षय पर। बहुत कम लोग हैं, जिन पर मैं ऐसा हक जता सकता हूं। अगर फिल्म में उनका किरदार अच्छा होगा, तो वो जरूर करेंगे।

### अक्षय के बिना सीक्वल बनाना मुश्किल


अनीस ने कहा, अक्षय जी भूल भुलैया में बहुत अच्छे थे कि उनके बिना फिल्म का सीक्वल बनाना थोड़ा मुश्किल था। हालांकि, फिल्म की रिलीज के बाद कार्तिक आर्यन को भी लोगों ने उतना ही पसंद किया, जितना अक्षय जी को।

### प्रशंसक फिल्म के लिए हैं उत्साहित

एक बात तो तय है कि अक्षय के प्रशंसक बेसब्री के साथ उनकी इससे जुड़े अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। प्रशंसकों में इसे लेकर काफी उत्सुकता है। सभी निगाहें खिलाड़ी कुमार पर अटक चुकी हैं, वह किसी नए अपडेट के लिए इंतजार कर रहे हैं।

# थम्बा में खलनायक बन दहशत फैलाएंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी!

नवाजुद्दीन सिद्दीकी को आगामी वैम्पायर कॉमेडी फिल्म थम्बा में खलनायक की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना अभिनीत यह फिल्म निर्माता दिनेश विजान की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का एक हिस्सा है। यह खबर ऐसे समय में आई है, जब पिछले महीने ही इस परियोजना का नाम बदलकर मूल शीर्षक वैम्पायर्स ऑफ विजय नगर से बदलकर थम्बा कर दिया गया था।
फिल्म में ऐसा होगा नवाजुद्दीन का किरदार
थम्बा में नवाजुद्दीन सिद्दीकी का किरदार सनकी और हिंसक बताया गया है, जो प्राचीन विजयनगर साम्राज्य से ताल्लुक रखता है।
रिपोर्ट्स के अनुसार, नवाजुद्दीन के खलनायक के किरदार की कल्पना एक विलक्षण, लेकिन हिंसक चरित्र के रूप में की गई है, जो सदियों पहले रहता था। वह बदला लेने और दो प्रमुख पात्रों के भाग्य को नियंत्रित करने के लिए वर्तमान में यात्रा करता है।



### 137 से टूटकर 18 पर आ गया पावर शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड यानी जेपी पावर के शेयर कल सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहेंगे। दरअसल, पावर कंपनी को सितंबर तिमाही में टैक्स के बाद कंसोलिडेटेड प्रॉफिट तीन गुना बढ़ गया। कंपनी के शनिवार को शेयर बाजार को इसकी जानकारी दी है।




### अजय देवगन के पास हैं कंपनी के 8 लाख शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फिल्म प्रोडक्शन कंपनी बाबा आर्ट्स के शेयर इन दिनों फोकस में हैं। कंपनी ने 24 अक्टूबर को सितंबर तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। सितंबर तिमाही में इसका नेट प्रॉफिट 0.33 करोड़ रुपये से 280.56 प्रतिशत बढ़ गया। यह सितंबर 2023 में 0.09 करोड़ था।

## प्राइवेट सेक्टर के आईसीआईसीआई बैंक का आया रिजल्ट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के सबसे बड़े बैंकों में से एक आईसीआईसीआई बैंक ने जुलाई-सितम्बर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए। आईसीआईसीआई बैंक ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में उसका मुनाफा 14.5 प्रतिशत बढ़कर 11,746 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में बैंक ने 10,261 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। आईसीआईसीआई बैंक ने रेगुलेटरी फाईलिंग में बताया कि सितंबर तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 47,714 करोड़ रुपए हो गई। यह पिछले साल की समान तिमाही में 40,697 करोड़ रुपए थी। इसके अलावा बैंक की ब्याज से कमाई जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान उछलकर 40,537 करोड़ रुपए हो गई जबकि एक साल पहले की इसी अवधि में यह 34,920 करोड़ रुपए थी। साथ ही नेट ब्याज आय पिछले वर्ष की दूसरी तिमाही में 18,308 करोड़ रुपए की तुलना में 9.5 प्रतिशत बढ़कर 20,048 करोड़ रुपए हो गई। एसेट क्वालिटी के मोर्चे पर बैंक के ग्रॉस नॉन-परफार्मिंग एसेट में सुधार हुआ है। यह जो सितंबर 2024 के अंत तक घटकर ग्रॉस लोन का 1.97 प्रतिशत हो गया। एक साल पहले यह 2.48 प्रतिशत पर था। इसी तरह, नेट एनपीए या फंसा हुआ कर्ज पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत में 0.43 प्रतिशत से घटकर 0.42 प्रतिशत हो गया। कंसोलिडेट आधार पर बैंक ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 10,896 करोड़ रुपए के मुकाबले शुद्ध लाभ में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और 12,948 करोड़ रुपए हो गया।

## हिंदू-चीनी भाई-भाई की राह पर अडानी, चीन में खड़ी की कंपनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंदू-चीनी भाई-भाई एक प्रसिद्ध उक्ति है जो भारत और चीन के बीच संबंधों की एकता और मित्रता को दर्शाने के लिए प्रयुक्त हुई थी। इस बात को भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी ने पूरा कर दिखाया है। भारत-चीन के बीच सीमा विवाद के कारण दोनों देशों के बीच बनी कड़वाहट के बावजूद गौतम अडानी ने हाल ही में चीन के शंघाई शहर में एक कंपनी की शुरुआत की है। अडानी ग्रुप ने सप्लाई चेन सॉल्यूशन और प्रोजेक्ट मैनेज्मेंट सर्विसेज देने के लिए चीन में एक सब्सिडीयरी कंपनी बनाई है। ग्रुप की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने कहा कि सिंगापुर स्थित उसकी सब्सिडीयरी की सब्सिडीयरी ने दो सितंबर, 2024 को चीन के शंघाई में स्थित एक पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडीयरी कंपनी अडानी एनर्जी रिसोर्सेज (शंघाई) कंपनी का गठन किया है।

# इस साल 35 बार ऑल-टाइम हाई पर पहुंच चुका है सोना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमत रोज-रोज नए रेकॉर्ड बना रही है। इस साल सोना अब तक 35 बार ऑल-टाइम हाई पर पहुंच चुका है और उसकी रफ्तार रुकने का नाम नहीं ले रही है। इस साल सोने की कीमत में 33 फीसदी तेजी आ चुकी है। सवाल यह है कि आखिर सोने की कीमत में इतनी तेजी क्यों आ रही है? इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि कई देशों के सेंट्रल बैंक बड़ी मात्रा में सोने की खरीद कर रहे हैं। इनमें भारत, चीन, तुर्की और पोलैंड के सेंट्रल बैंक सबसे आगे हैं। दुनिया के कुल गोल्ड रिजर्व का 12.1 फीसदी हिस्सा केंद्रीय बैंकों के पास है। यह 1990 के दशक के बाद सबसे हाई लेवल है।

इस साल सेंट्रल बैंकों के गोल्ड रिजर्व में काफी तेजी देखने को मिली है और पिछले एक दशक में यह आंकड़ा दोगुना हो चुका है। सोने की खरीद में भारत, चीन, तुर्की और पोलैंड के केंद्रीय बैंकों की अहम भूमिका है। चीन के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा 5.4 फीसदी पहुंच चुका है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी वाले इस देश का गोल्ड



रिजर्व 2,264 टन पहुंच चुका है। दुनिया में सोने की सबसे ज्यादा खपत चीन में ही होती है। वैसे दुनिया के पांच देशों के पास चीन से भी बड़ा स्वर्ण भंडार है।

साल 2022 और 2023 में दुनियाभर के सेंट्रल बैंकों ने 1,000 टन से अधिक सोना खरीदा था। इसकी वजह यह है कि यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूस के एसेट्स को सीज कर दिया था। यही वजह है कि दुनियाभर के देश अब अपने विदेशी मुद्रा भंडार में यूएस डॉलर का हिस्सा कम कर रहे हैं और सोना बढ़ा रहे हैं। साथ ही सोने को महंगाई के खिलाफ हेज के रूप में देखा जाता है। मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव ने भी सोने की चमक बढ़ा दी है। इतिहास गवाह है कि जब भी दुनिया पर कोई संकट आता है तो सोने की कीमत में तेजी आती है।

### किसके पास है सबसे ज्यादा गोल्ड?

दुनिया का सबसे बड़ा गोल्ड रिजर्व अमेरिका के पास है। इस देश के सरकारी खजाने में 8,133 टन सोना जमा है। उसके बाद जर्मनी (3,353 टन), इटली (2,452 टन), फ्रांस (2,437 टन), रूस (2,335 टन) का नंबर है। यूरोप के छोटे से देश स्विट्जरलैंड के पास 1,040 टन, जापान के पास 847 टन और भारत के पास 840 टन गोल्ड है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक भारत में आम लोगों के पास करीब 25,000 टन सोना है जो दुनिया में सबसे अधिक है।

### चांदी की 1,25,000 रुपये किलो तक पहुंच सकती है कीमत

सोने की कीमत में इस साल 33 फीसदी तेजी आई है लेकिन चांदी की कीमत 46 फीसदी उछल चुकी है। हाल में चांदी की कीमत एक लाख रुपये प्रति किलो के पार पहुंची थी। सेफ हेवन के लिए निवेशक चांदी का रुख कर रहे हैं। साथ ही इसका इंडस्ट्रियल यूज भी बढ़ रहा है। यही वजह है कि इसकी कीमत में तेजी आ रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का कहना है कि मध्यम से लंबी अवधि में चांदी का प्रदर्शन सोने के बराबर या उससे बेहतर हो सकता है। अगले 12 से 15 महीनों में एमसीएक्स पर चांदी की कीमत 1,25,000 रुपये प्रति किलो और कॉमेक्स पर 40 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचने की उम्मीद है। फाइनेंशियल सर्विसेज फर्म का कहना है कि मध्यम अवधि में सोने की कीमत 81,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और लंबी अवधि में 86,000 रुपये तक पहुंच सकती हैं। कॉमेक्स पर सोने के मध्यम अवधि में 2,830 डॉलर और लंबी अवधि में 3,000 डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सोना हाल के वर्षों में लगातार सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एसेट्स में से एक रहा है। इस साल सोने की कीमतें कॉमेक्स और घरेलू बाजारों दोनों पर रेकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज का कहना है कि ऐतिहासिक रूप से त्यौहारी सीजन के दौरान सोने की मांग में उछाल आता है। इस साल दिवाली के साथ अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव और फेडरल रिजर्व की इस साल आखिरी नीति बैठक भी हो रही है। इससे बाजार की धारणा में सुधार होगा। लेकिन बढ़ती कीमतों के कारण ओवरऑल डिमांड में कमी आ सकती है। साल 2011 के बाद से केवल बार 2015 और 2016 में दिवाली से पहले के 30 दिनों में सोने में नकारात्मक रिटर्न दर्ज किया गया।

### सोने की कीमत

आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों की सुस्त मांग के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,150 रुपये लुढ़क कर 80,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। चांदी भी बिकवाली दबाव में रही और 2,000 रुपये फिसलकर एक लाख रुपये से नीचे 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। एमसीएक्स के वायदा कारोबार में दिसंबर डिलीवरी वाले सोने की कीमत 406 रुपये अथवा 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,921 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। वैश्विक स्तर पर जिंस बाजार में सोना वायदा 15.90 डॉलर प्रति औंस अथवा 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,733 डॉलर प्रति औंस रहा।

## सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वित्तीय संस्थानों से समर्थन की जरूरत, वित्त मंत्री का बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को अमेरिका के वॉशिंगटन में आयोजित हुए जी7 अफ्रीकी मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से अधिक समर्थन देने की मांग की। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

वित्त मंत्रालय ने पोस्ट में लिखा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से समर्थन मांगने पर फोकस किया। खासकर बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) से ऋण क्षमता बढ़ाने की मांग की गई ताकि सतत विकास लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। जी7 अफ्रीकी मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में वित्त चुनौतियों के समाधानों और अफ्रीका में विकास की पहल पर चर्चा की गई। इस दौरान वित्त मंत्री ने दीर्घकालिक और किफायती वित्तपोषण तक पहुंच बढ़ाने का आग्रह किया।

भारत ने अफ्रीकी देशों के समर्थन की जताई प्रतिबद्धता



सम्मेलन के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत और अफ्रीका के बीच गहरी साझेदारी का भी जिक्र किया। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मार्गदर्शक सिद्धांतों के साथ भारत-अफ्रीकी साझेदारी को फिर से परिभाषित किया है, जिसका उद्देश्य क्षमता निर्माण, बढ़ी हुई सार्वजनिक सेवाओं और जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने के माध्यम से अफ्रीका के विकास का समर्थन करना है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने बुनियादी ढांचे के विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में अफ्रीका को तकनीकी विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की पेशकश करते हुए भारत के समर्थन को रेखांकित किया। वित्त मंत्री ने वाशिंगटन डीसी में विश्व बैंक समूह द्वारा आयोजित वार्षिक बैठक 2024 में भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रथम उप प्रबंध निदेशक (एफडीएमडी) गीता गोपीनाथ से मुलाकात की और वार्षिक बैठक 2024 के सफल आयोजन पर एफडीएमडी को बधाई दी।

## बिज एक्सपो सम्मेलन 2024: मुंबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में शुरू, प्रतिष्ठित उद्यमी और निवेशक हुए शामिल

**मुंबई एजेंसी।** फैव फेयर्स के दो दिवसीय विज एक्सपो और सम्मेलन की मुंबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में बड़े उत्साह के साथ शुरुआत हुई। इसका शुभारंभ महाराष्ट्र सरकार में पूर्व मंत्री सुभाष देसाई, श्रीलंका के वाणिज्य दूतावास की महावाणिज्यदूत शिरानी अरियारथने ने किया। । इस आयोजन का उद्देश्य व्यापार जगत के उद्यमियों, निवेशकों और उद्योग विशेषज्ञों के लिए विकास के रास्ते तलाशने, नेटवर्क बनाने और प्रभावशाली चर्चाओं में शामिल होने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच विकसित करना है।



इसमें उद्योग जगत से जुड़े देश के प्रतिष्ठित उद्यमी व निवेशक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित लोगों के पंजीकरण और रिबन काटने के समारोह के साथ हुई। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सुभाष देसाई और श्रीलंका की महावाणिज्यदूत श्रीमती शिरानी अरियारत्ने ने पारंपरिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन किया। पहले दिन 'स्टार्टअप और बदलती अर्थव्यवस्था में फंड मैनेजमेंट' विषय पर पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें देवांश लखानी, अनुराधा चौधरी व अर्जुन रस्तौगी ने स्टार्टअप, फंडिंग के अवसरों और आर्थिक रुझानों पर अपने विचार रखे इसके बाद भारत-श्रीलंका संबंधों पर स्पॉटलाइट सत्र का आयोजन किया गया। । इसमें श्रीलंका के वाणिज्य दूतावास की महावाणिज्यदूत शिरानी अरियारथने ने भाग लिया। इसका संचालन एहतेशाम कबीर ने किया। इस सत्र में सीमा पार साझेदारी को बढ़ावा देने पर मूल्यवान दृष्टिकोण निकल कर आए। कार्यक्रम में निवेशकों व उद्योग जगत से जुड़े लोगों के विचार जानने के लिए एक सत्र का आयोजन किया गया। इसमें व्यापार व उद्योग जगत से जुड़े व्यक्तियों ने उद्यम से संबंधित विचारों को रखा। अभिनेत्री सोनाली बिंद्रे ने विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने व नवोन्मेष को बढ़ावा देने वाली कंपनियों को पुरस्कार प्रदान किया। एक्सपो में 100 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे जहां लोगों ने स्टार्टअप के बारे में विभिन्न नवोन्मेषों को जाना। एक्सपो का आज समापन होगा। इस कार्यक्रम में अमर उजाला मीडिया सहयोगी है।

### आईडीबीआई बैंक लिमिटेड - 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए वित्तीय परिणाम घोषित

**मुंबई, एजेंसी।** आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए अपने तिमाही नतीजों की घोषणा की। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 39 प्रतिशत की साल दर साल मजबूत वृद्धि के साथ 1,868 करोड़ रहा। परिचालन लाभ 45 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि करते हुए 3,006 करोड़ हो गया। एनआईएम 4.87 प्रतिशत दर्ज किया गया, और शुद्ध ब्याज आय 26 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि के साथ 3,875 करोड़ रही। जमा की लागत क्यू2-2025 के लिए 4.66 प्रतिशत रही, जबकि क्यू2-2024 के लिए यह 4.22 प्रतिशत थी। सीआरएआर साल दर साल 72 बीपीएस सुधरकर 21.98 प्रतिशत रहा। परिसंपत्तियों पर रिटर्न 38 बीपीएस की साल दर साल वृद्धि करते हुए 1.97 प्रतिशत रहा और इक्विटी पर रिटर्न 130 बीपीएस की सालाना वृद्धि के साथ 20.35 प्रतिशत रहा।

### हर्बलाइफ इंडिया ने एथलीटों को सशक्त करने के लिए आयरनमैन 70.3 गोवा 2024 के साथ किया सहयोग

**गोवा, एजेंसी।** देश की प्रमुख हेल्थ और वेलनेस कंपनी हर्बलाइफ ने आयरनमैन 70.3 इंडिया के साथ अपनी साझेदारी की है। दोनों के बीच सहयोग का यह लगातार तीसरा साल है। यह समझौता उच्च गुणवत्ता के स्पोर्ट्स न्यूट्रीशन के जरिएखिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन में मदद देने के लिए हर्बलाइफ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आयरनमैन 70.3 इवेंट प्रमुख लंबी दूरी कीट्रायथलॉन प्रतियोगिता है, जिसे वर्ल्ड ट्रायथलॉन कॉरपोरेशन (डब्लूटीसी) से मान्यता मिली हुई है।

# दिवाली पर फ्री एलपीजी सिलेंडर का तोहफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दीपावली का त्योहार नजदीक आ रहा है। इस त्योहार को देखते हुए देश के अलग-अलग राज्य मुफ्त एलपीजी सिलेंडर बांटने की योजना पर काम कर रही हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने दीपावली के मौके पर राज्य के 1.86 करोड़ परिवारों के लिए मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया है। इसी तरह आंध्र प्रदेश और उत्तराखंड की सरकार ने भी मुफ्त में एलपीजी सिलेंडर बांटने का ऐलान किया है। आंध्र प्रदेश में सभी पात्र महिलाओं को 31 अक्टूबर यानी की दिवाली के दिन से मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर मिलने शुरू हो जाएंगे। इसी तरह, उत्तराखंड में सरकार की ओर से फ्री एलपीजी सिलेंडर दिए जाने की योजना साल 2027 तक बढाई गई है।



### किन लोगों को मिलेगा फायदा

ज्यादातर राज्यों में फ्री एलपीजी सिलेंडर का लाभ उन्हें ही मिलता है जो पीएम उज्जवला योजना के लाभार्थी हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) की शुरुआत साल 2016 में हुई थी। योजना के तहत सितंबर, 2019 में 8 करोड़ कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य प्राप्त किया गया था। शेष गरीब परिवारों को कवर करने के लिए, पीएमयूवाई चरण-2 (उज्ज्वला 2.0) का शुभारंभ अगस्त 2021 में किया गया। वहीं, जनवरी 2023 तक 1.60 करोड़ उज्ज्वला 2.0 कनेक्शन जारी किए गए थे। इसके अलावा सितंबर 2023 में सरकार ने अतिरिक्त 75 लाख पीएमयूवाई कनेक्शन जारी करने को स्वीकृति दी। तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने 8 जुलाई 2024 तक इन 75 लाख पीएमयूवाई कनेक्शनों को जारी करने का काम पूरा कर लिया है। जुलाई 2024 तक पीएमयूवाई के तहत 10.33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन हैं।

### 300 रुपये सस्ता है सिलेंडर

सामान्य ग्राहकों के मुकाबले उज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपये सस्ता सिलेंडर मिलता है। इसी साल मार्च महीने में सरकार ने मार्च 2025 तक के लिए 300 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी थी। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कुल खर्च 12,000 करोड़ रुपये होगा। सब्सिडी सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाती है।

# शक्ति पंप्स लि. ने वित्तीय वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही और पहली छः माही में किया शानदार प्रदर्शन

**वित्तीय वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में राजस्व 635 करोड़ रुपये; वित्तीय वर्ष 25 की पहली छःमाही में रहा 1,202 करोड़ रुपये**

### वित्तीय वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के लिए प्रॉफिट आफ्टर टैक्स 101 करोड़ रुपये; वित्तीय वर्ष 25 की पहली छ:माही में 194 करोड़ रुपये

**इंदौर, एजेंसी।** शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड (एसपीआईएल) ने 30 सितंबर 2024 को खत्म होने वाली तिमाही और छः माही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, श्री दिनेश पाटीदार ने कंपनी के हालिया प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हमें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमारी कंपनी ने एक और तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि और लाभप्रदता में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी हुई है। इसने वित्तीय वर्ष की पहली छः माही को भी महत्वपूर्ण बना



दिया है। हमारी उपलब्धियाँ डोमेस्टिक और इंटरनेशनल दोनों क्षेत्रों में ऑर्डर के तेज़ एक्सक्यूशन का प्रत्यक्ष परिणाम हैं। प्रॉफ़िट मार्जिन में भी उल्लेखनीय विस्तार देखा गया, जो मुख्य रूप से इकोनॉमीज ऑफ स्केल के साकार होने के कारण हुआ है, जिसे तिमाही के दौरान बढ़ी हुई ऑपरेशनल ऐक्टिविटी द्वारा बेहतर बनाया गया था।

हमारे आर्डर का प्रवाह मजबूत बना हुआ है, सितंबर 2024 तिमाही के अंत तक, हमारी कंपनी की बकाया ऑर्डर बुक लगभग रु. 1,800 करोड़ थी। पीएम-कुसुम योजना में अग्रणी स्थिति को देखते हुए, हमें विश्वास है कि हमें भविष्य में भी बड़ी मात्रा में ऑर्डर मिलते रहेंगे, जो हमारे निरंतर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

आखिर में, हमारे मजबूत ऑर्डर बुक और लगातार नए ऑर्डर पाने की सफलता को देखते हुए, हमें विश्वास है कि हम इस वर्ष अपेक्षा से बेहतर परिणाम देंगे। यह विश्वास हमारी उन्नत बैकवर्ड-इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कैपिबिलिटीज़ के सपोर्ट से वर्तमान ऑर्डरों को कुशलतापूर्वक निष्पादित करने की हमारी क्षमता से भी पैदा हुआ है। इसके साथ ही, हम खुदरा व्यापार और ईवी व्यापार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने पर भी केंद्रित रहेंगे, जो भविष्य में लगातार बेहतर वित्तीय प्रदर्शन में योगदान देगा।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 28 अक्टूबर, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### इस दिवाली हंगामा आपके लिए ला रहा है 'चेकमेट'

**मुंबई।** भारत के सबसे बेहतरीन डिजिटल प्लैटफ़ॉर्म में शुमार हंगामा इस दिवाली के मौके पर दर्शकों के लिए अपनी नई ओरिजनल हिंदी सीरीज 'चेकमेट' रिलीज करने जा रहा है। यह एक क्राइम-सस्पेंस सीरीज है जिसमें जिसमें दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ाने वाली और उन्हें शुरू से लेकर आखिर तक जोड़े रखने वाली कहानी है। इस सीरीज में न्यारा बनर्जी अहम भूमिका निभाने जा रही हैं और उनके साथ अन्य कलाकारों में शालीन मल्होत्रा, रोहित खण्डेलवाल, राहुल जगताप और आफ़रीन अल्वी हैं। इस सीरीज की कहानी में रहस्य, भावनाप्रधान दृश्य और हैरतअंगेज मोड़ हैं जिससे दर्शकों में सीरीज के साथ बने रहने की दिलचस्पी पैदा होती है। चेकमेट एक सामान्य हाउसवाइफ की कहानी है और इस किरदार को न्यारा बनर्जी ने निभाया है। इस किरदार को एक पुलिस अधिकारी मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) से बचाता है और बाद में वह इस अधिकारी से ही शादी कर लेती है। यह अधिकारी ईमानदार है या नहीं यह एक राज है। शादी के बाद वह एक ऐसी दुनिया में कैद हो जाती है जहां उसे पति की हर बात मानना है और चुप रहना है। उसे बड़ा धक्का तब लगता है जब उसे पता चलता है कि उसका पति उसे जान से मारने की साजिश रच रहा है। खुद को बचाने की कोशिश में वह अपने पति को मार देती है। जब वह घर लौटती है तो पाती है कि उसकी ज़िंदगी पूरी तरह उलट-पलट गई है। एक नया व्यक्ति जिसे वह जानती तक नहीं है अब वह खुद को उसका पति बता रहा है।

### कलर्स के कलाकारों ने अपनी दिवाली की यादों और उत्सव के बारे में बात की

**मुंबई।** कलर्स के 'मेरा बलम थानेदार' में वीर की भूमिका निभा रहे शगुन पांडे ने कहा, यह दिवाली मेरे लिए थोड़ी अलग होगी, क्योंकि मैं मेरा बलम थानेदार की शूटिंग के कारण अपने परिवार से दूर रहूंगा। बचपन में, दिवाली का पूरी तरह से मतलब होता था परिवार, मेरी बहन के साथ घर को सजाना, मेरे पिता के साथ दीये जलाना, और घर में बनी ढेर सारी मिठाइयां खाना। मेरी बहन और मेरे बीच हमेशा इस बात को लेकर दोस्ताना प्रतिस्पर्धा होती थी कि कौन सबसे अच्छी रंगोली बना सकता है, और इस साल मुझे वाकई इसकी याद आएगी। लेकिन यह दिवाली भी खास है क्योंकि शो में मेरे किरदार को आखिरकार अपनी वर्दी वापस मिल जाएगी, जिससे यह सेट पर गर्व और जश्न का पल बन जाएगा। भले ही मैं अपने परिवार के साथ नहीं हूं, लेकिन मैं ऑन-स्क्रीन और ऑफ़-स्क्रीन अपना पसंदीदा त्योहार मनाऊंगा। सभी को आनंदमय, शुभ, और पर्यावरण के प्रति जागरूक दिवाली की शुभकामनाएं! कलर्स के शो 'सुमन इंदौरी' में सुमन की भूमिका निभा रही अश्नूर कौर कहती हैं, दिवाली हमेशा सकारात्मकता, उत्साह और खुशी की भावना लेकर आती है! इस साल, चूंकि मैं अपने शो सुमन इंदौरी की शूटिंग कर रही हूं, इसलिए मैं अपने नए ऑनस्क्रीन परिवार के साथ जश्न मनाने और नई यादें बनाने के लिए रोमांचित हूं। कलर्स के 'दुर्गा' में दुर्गा की भूमिका निभा रही प्रणाली राठौड़ ने कहा, दिवाली की मेरे दिल में खास जगह है, ऑनस्क्रीन भी और ऑफ़स्क्रीन भी। 'दुर्गा' में दिवाली सीक्वेंस की शूटिंग करने का अनुभव वाकई सार्थक रहा है, क्योंकि हम कुछ अनोखा और अलग प्रस्तुत करने वाले हैं जो हर आगामी एपिसोड में दर्शकों को हैरान कर देगा।

### छत्तीसगढ़ में अगले 48 घंटे में दिखेगा साइक्लोन दाना का असर

**रायपुर, एजेंसी।** भारतीय मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि आने वाले 48 घंटों में छत्तीसगढ़ राज्य के कुछ जिलों में चक्रवाती तूफान दाना का असर देखने को मिल सकता है। राज्य के कुछ जिलों में बारिश, बिजली चमकने की घटनाओं के साथ-साथ तूफान की घटनाएं देखने को मिल सकती हैं। चक्रवात अब उत्तरी उड़ीसा के तट से होते हुए धीरे-धीरे 40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार तूफान दाना के आगे बढ़ने के क्रम में पूर्वी जिले भी इससे प्रभावित हो सकते हैं। इन जिलों में सुरगुजा और बिलासपुर शामिल है। यहां दाना के कारण हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। इस कारण आने वाले दिनों में धीरे-धीरे तापमान में भी कमी देखने को मिल सकती है।

# एकनाथ शिंदे को लग सकता है झटका, चुनाव जीतने पर भी नहीं बनेंगे सीएम

## भाजपा ने दिया नया फॉर्मूला



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सहयोगी दलों को उनकी मर्जी के अनुसार सीटें देने के साथ भाजपा ने स्पष्ट कर दिया है कि अगली बार सत्ता में आने पर मुख्यमंत्री सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाले दल का ही होगा। यह भी स्पष्ट है कि भाजपा की तरफ से देवेंद्र फडणवीस इसके दावेदार होंगे। भाजपा और महायुति गठबंधन के अन्य दलों ने चुनाव में मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा नहीं की है, लेकिन चुनाव गठबंधन में शिवसेना नेता और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ ही लड़ा जा रहा है। दो दिन पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे और एनसीपी नेता उपमुख्यमंत्री अजित पवार और भाजपा नेता फडणवीस के साथ लंबी चर्चा की थी। इस बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। राज्य में भाजपा ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ रही है और उसके ज्यादा सीट जीतने की उम्मीद है, ऐसे में भाजपा ने संकेतों के जरिये साफ कर दिया है कि गठबंधन सरकार में मुख्यमंत्री उसी का होगा। क्योंकि भाजपा फडणवीस के नेतृत्व में चुनावी मैदान में है, इसलिए पहले भी मुख्यमंत्री रह चुके फडणवीस गठबंधन की जीत के बाद फिर मुख्यमंत्री हो सकते हैं। चुनाव के बाद अंतिम फैसला सूत्रों के अनुसार फॉर्मूले की ही वजह से भाजपा के दोनों सहयोगी दलों ने ज्यादा सीटों की मांग की है। अगर भाजपा का प्रदर्शन खराब रहता है और कम सीटें जीतती है तो सहयोगी दलों के तरफ से भी मुख्यमंत्री पद की दावेदारी की जा सकती है। हालांकि, इसमें एक बात जरूर छोड़ी गई है कि चुनाव बाद की राजनीतिक स्थितियों को ध्यान में रखकर गठबंधन फैसला करेगा, जो सबको स्वीकार होगा। गठबंधन कुछ कमजोर पड़ता है और जोड़-तोड़ की जरूरत पड़ती है या नए समीकरण बनते हैं तब हालात बदल सकते हैं। अभी जो तय किया गया है वह मौजूदा चुनाव को देखते हुए है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन फिर से राज्य में अपनी सरकार बनने का दावा कर रहा है।

## हिमाचल में खाई में गिरी कार, शादी से लौटते वक्त हुआ भीषण हादसा; पांच की मौत

**मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में भीषण कार हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। घटना देर रात शादी समारोह से लौट रहे लोगों के साथ चौहारीघाट के वर्झन इलाके में घटी। देर रात कार करीब 700 मीटर खाई में जा गिरी और सभी लोगों की जान चली गई। कार में सवार सभी युवक धमच्याण गांव के रहने वाले थे। चार लोगों की उम्र करीब 25-30 साल के बीच थी। वहीं एक की उम्र करीब 16 साल थी। मंडी की एसपी साक्षी वर्मा ने बताया कि सभी लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बारे में सुबह जानकारी मिली। लोगों ने सवेरे सड़क से करीब 700 मीटर नीचे खाई में कार को पड़ा देखा तो इलाके में हलचल होने लगी। आसपास के लोगों ने इसके बारे में पुलिस को सूचित किया तो टिक्कन पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और हालात को समझा। क्षत-विक्षत हालत में पड़े शवों को पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से वहां से बाहर निकाला। मृतकों की पहचान राजेश, गंगू, कर्ण, सागर और अजय के तौर पर हुई है।बताया गया कि इनमें से चार लोगों की उम्र करीब 25-30 साल के बीच है वहीं एक की उम्र इन सभी में सबसे कम थी।

## उदयपुर एयरपोर्ट से विंटर शेड्यूल जारी, उड़ेंगी 28 फ्लाइट्स



**उदयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के उदयपुर में पर्यटकों की सुविधा के लिए एयर कनेक्टिविटी में भी इजाफा किया गया है। उदयपुर की हवाई यात्रा 27 अक्टूबर से विंटर शेड्यूल लागू हो गया है। अब उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट के ज्यादा उड़ाने मिलेगी। लेकिन, शहर वाली है जो समर शेड्यूल में रखे गए थे। जबकि, उदयपुर को अन्य शहरों से जोड़ने की भी मांग की जा रही थी। हालांकि, मुख्य शहरों की फ्लाइट में बढ़ोतरी करने से फायदा भी होगा। विंटर शेड्यूल 29 मार्च तक जारी रहेगा।

नए शेड्यूल में 8 शहरों के लिए 28 संभावित उड़ाने मिली है, इसमें उदयपुर से दिल्ली, मुंबई, जयपुर, अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, हैदराबाद और बैंगलुरु की उड़ाने होंगी। सबसे अधिक टूरिस्ट गुजरात से उदयपुर आते हैं। इसके बाद दिल्ली, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र से सबसे ज्यादा पर्यटक आते हैं। इन्हीं पर्यटकों को सुविधाएं देने के लिए फ्लाइट की संख्या बढ़ाई गई है। लेकिन, शहरों को संख्या नहीं बढ़ाई है। समर शेड्यूल में इन्हीं 8 शहरों के लिए 17 उड़ाने थीं। यहां से पुणे, अयोध्या और औरंगाबाद के लिए मांग की जा रही है।

उदयपुर से समर शेड्यूल में 8 शहरों के लिए उड़ाने थीं।लेकिन, सभी में रोजाना फ्लाइट नहीं थी। अब विंटर शेड्यूल में 8 शहरों के लिए चालू होने वाली बड़ी हुई फ्लाइट में 6 शहरों के लिए रोजाना है। विंटर सीजन में रोजाना फ्लाइट होने से पैसेंजर को फायदा होगा। इनमें दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, हैदराबाद, बैंगलुरु और मुंबई के लिए रोजाना फ्लाइट होगी। मुंबई के लिए 7 और दिल्ली के लिए 10 फ्लाइट हैं। भोपाल के लिए मंगलवार और गुरुवार को, इंदौर के लिए सप्ताह में 4 दिन चलेगी। वहीं बैंगलुरु के लिए प्रतिदिन दो फ्लाइट मिलेंगी।

## हिमाचल में शुष्क मौसम के बीच बदलाव की दिखी उम्मीद



**शिमला , एजेंसी।** मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में हिमाचल के मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। राज्य के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में जैसे लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चम्बा जिलों के ऊपरी हिस्सों में बर्फबारी का नजारा देखने को मिल सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने राज्य के उच्च पर्वतीय स्थानों पर आगामी 29 अक्टूबर को बर्फ़बारी की संभावना जताई है। हालांकि राज्य के अन्य हिस्सों में मौसम में कोई बदलाव नहीं आएगा और शुष्क मौसम का दौर जारी रहेगा।

**शुष्क मौसम के बीच इस दिन हल्की बर्फबारी के आसार:** आगामी दो नवंबर तक प्रदेश के मैदानी व मध्यवर्ती इलाकों में मौसम साफ रहेगा। अक्टूबर महीने में हिमाचल में न के बराबर बारिश-बर्फबारी हुई है। इस महीने सामान्य से 97 फीसदी कम वर्षा हुई है। बादलों के न बरसने से गेहूं सहित अन्य फसलों की बिजाई के कार्य में विलंब हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी सप्ताह राज्य के अधिकतर हिस्सों में मौसम के शूष्क बने रहने के आसार हैं।

उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर को उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। जबकि अन्य दिनों में इन इलाकों में मौसम साफ रहेगा।

**लाहौल-स्पीति का पारा शून्य के नीचे, ताबो सबसे ठंडा स्थल:** राज्य में शूष्क मौसम की वजह से दिन में मौसम खुशनुमा बना हुआ है। मैदानी व निचले जिलों में दिन का पारा 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है। हालांकि न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से रात में ठंड बढ़ रही है। जनजातीय क्षेत्रों में पारा शून्य के नीचे बना हुआ है। रविवार को लाहौल-स्पीति जिला का ताबो सबसे ठंडा स्थल रहा, जहां न्यूनतम तापमान -0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा लाहौल-स्पीति जिला के कुकुमसेरी में 1.4 डिग्री, केलांग में 3.7 डिग्री, समधो में 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं दूसरे जनजातीय जिला किन्नौर की बात करें, तो कल्पा में न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री व रिकांगपिओ में 9.9 डिग्री सेल्यिस रहा।

**मनाली में भी बढ़ी ठंड, शिमला की रातें मैदानी इलाकों से गर्म:** विख्यात पर्यटन नगरी मनाली में भी भीषण ठंड पड़ रही है और यहां पारा 6.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। जबकि पर्यअन स्थल व राजधानी शिमला की रातें मैदानी इलाकों से गर्म हैं। शिमला की तुलना में मैदानी जिलों हमीरपुर, बिलासपुर, व ऊना में ज्यादा ठंड है। शिमला में रविवार को रात का पारा 12.6 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं सुंदरनगर में 9.7 डिगी, भुंतर में 8.4 डिग्री, धर्मशाला में 14.5 डिग्री, उना में 11.8 डिग्री, पालमपुर में 11 डिग्री, नाहन में 18 डिग्री, सोलन में 9.5 डिग्री, कांगड़ा में 13.4 डिग्री, मंडी में 13.1 डिग्री, बिलासपुर में 13.7 डिग्री, हमीरपुर में 13.4 डिग्री, चंबा में 11.7 डिग्री, डलहौजी में 16.4 डिग्री, कुफरी में 12.7 डिग्री, नारकंडा में 10.5 डिग्री, भरमौर में 12.5 डिग्री, धौलाकूआं में 17.3 डिग्री, बरठीं में 11.9 डिग्री, कसौली में 15.2 डिग्री, पांवटा साहिब में 20 डिग्री, सराहन में 9 डिग्री, देहरा गोपीपुर में 16 डिग्री, मशोबरा में 12.8 डिग्री, नेरी में 17.8 डिग्री, सैंज में 10.1 डिग्री और बजुआरा में 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## जर्मनी ने भारतीय कुशल श्रमिकों के लिए वीजा कोटा 350% बढ़ाकर 90,000 किया

**बर्लिन, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि जर्मनी ने कुशल भारतीय पेशेवरों के लिए अपना वार्षिक वीज़ा कोटा 20,000 से बढ़ाकर 90,000 कर दिया है, जो 3.5 गुना वृद्धि दर्शाता है। इस कदम के बारे में आशा व्यक्त करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बढ़ा हुआ वीज़ा कोटा जर्मनी की कुशल श्रम की मांग को संबोधित करके उसकी आर्थिक वृद्धि को बढ़ाएगा और दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को भी मजबूत करेगा। नतीजतन, भारतीय पेशेवरों को जर्मनी में अधिक रोजगार के अवसर मिलेंगे। जो जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज की भारत यात्रा के बाद हुआ। इससे पहले दोनों नेताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में पीएम मोदी के आधिकारिक आवास पर आमने-सामने की बैठकें कीं। स्कोल्ज़ की तीन दिवसीय भारत यात्रा शनिवार को समाप्त हो रही है। आज बाद में भारत और जर्मनी 7वें अंतर-सरकारी परामर्श का भी आयोजन करेंगे, जिसकी सह-अध्यक्षता दोनों नेता करेंगे। इस दौरान सुरक्षा और रक्षा साझेदारी बढ़ाने, प्रतिभाओं की गतिशीलता बढ़ाने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन में कहा- यह वर्ष भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी का 25वां वर्ष है।

## शेख हसीना पर चलेगा हत्या का केस? जांच रिपोर्ट जल्द सौंपने का आदेश, कोर्ट ने तय की डेडलाइन

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। अदालत ने पुलिस को हसीना और 23 अन्य के खिलाफ दर्ज हत्या के मामले की जांच रिपोर्ट 28 नवंबर तक सौंपने का आदेश दिया। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। हत्या का यह मामला ढाका के मीरपुर में 18 वर्षीय कॉलेज छात्र की मौत को लेकर दर्ज किया गया है। छात्र की मौत छात्रों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शनों पर हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार की ओर से की गई कार्रवाई के दौरान हुई थी। इन प्रदर्शनों के कारण हसीनों को प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा।

77 वर्षीय शेख हसीना सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण



प्रणाली के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शनों के कारण 5 अगस्त को देश छोड़कर भारत चली गई थीं। डेली स्टार समाचार पत्र की खबर के अनुसार, ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद जियादुर रहमान ने 28 नवंबर तक जांच रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। मृतक के भाई ने 15 अगस्त को यह मामला दर्ज कराया था। इसमें दावा किया गया कि इस मामले के आरोपी हिंसा में सीधे तौर पर शामिल थे या उन्होंने हिंसा में सहयोग किया, जिसके कारण उसके भाई की मौत हुई व अन्य छात्र घायल हुए। इस मामले में हसीना के अलावा पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान, अवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादर, पूर्व विधि मंत्री अनीसुल हक और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून भी आरोपी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, हसीना के खिलाफ 225 मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या के 194, मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार के 16 मामले, अपहरण के तीन मामले, हत्या के प्रयास के 11 मामले और 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' की रैली पर हमले के संबंध में एक मामला शामिल है। वहीं, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा कि वह राजनीतिक दलों के साथ विचार-विमर्श के बाद राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के भाग्य का फैसला करेगी। यह फैसला राष्ट्रपति के उस बयान पर उठे विवाद के बीच लिया गया है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के इस्तीफे पर सवाल उठाए थे। राष्ट्रपति को हटाने का मुद्दा तब उठा जब कुछ दिन पहले शहाबुद्दीन ने बांग्ला अखबार से कहा था कि उन्हें हसीना का इस्तीफा पत्र नहीं मिला है। शहाबुद्दीन ने कहा कि उन्होंने सुना है कि हसीना ने बांग्लादेश छोड़ने से पहले प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन उनके पास कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है।

## निज्जर का डेथ सर्टिफिकेट देने में कनाडा की टालमटोल, एनआईए ने छह महीने पहले की थी मांग

**ओटावा , एजेंसी।** भारत और कनाडा के बीच में बिगड़ते संबंधों में एक और मुद्दा जुड़ गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा मांगे गए कनाडाई अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर के डेथ सर्टिफिकेट को देने में कनाडा सरकार ने रुचि नहीं दिखाई है। पिछले साल जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में निज्जर की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद कनाडा ने इसका आरोप भारत सरकार और भारत की एजेंसियों पर लगाया था। उन आरोपों का असर यह हुआ कि भारत और कनाडा के संबंध आज अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कनाडाई धरती पर कनाडाई नागरिक की हत्या का आरोप लगाते हुए सीधे भारत सरकार पर हमला बोला। इसके जवाब में भारत सरकार ने कनाडा पर चरमपंथियों और भारत विरोधी तत्वों को शरण देने का आरोप लगाते हुए कनाडा द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को बेतुका और राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया। कनाडाई आतंकी हरदीप सिंह निज्जर पर एनआईए का आरोप है कि वह 2021 में जालंधर में एक हिंदू पुजारी की हत्या में शामिल था। इस मामले के सिलसिले में कनाडा ने उस पर 2022 में 10 लाख रुपये का नकद इनाम घोषित कर रखा था। निज्जर लगातार भारत के खिलाफ सोशल मीडिया पर जहर उगलता रहता था। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, एनआईए ने एक दस्तावेज़ में कहा, जो सबूत जुटाए गए हैं, उससे यह साबित होता है कि वह देशद्रोही और विद्रोही आरोप लगाने में शामिल है और भारत में विभिन्न समुदायों के बीच झगड़ा पैदा करने का भी प्रयास कर रहा है। भारत की आतंकवाद-रोधी एजेंसी ने दिसंबर 2020 में केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान निज्जर, पन्नू और परमजीत सिंह पम्मा के खिलाफ एक प्राथमिकी भी दर्ज की थी, जिसमें उन पर भय और अराजकता का माहौल बनाने की साजिश रचने और भारत सरकार के खिलाफ लोगों को भड़काने का आरोप लगाया गया था। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि कनाडा ने अभी तक निज्जर का मृत्यु प्रमाणपत्र साझा नहीं किया है। हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा के अधिकारियों ने निज्जर का




डेथ सर्टिफिकेट देने से पहले एजेंसी से पूछा की आपको इसकी जरूरत क्यों हैं। नाम न छपने की शर्त पर एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि हमें कई लंबित मामलों में अदालत के रिकॉर्ड को अपडेट करने के लिए निज्जर का डेथ सर्टिफिकेट चाहिए था।

एनआईए के पास दो मामले दर्ज हैं, जिनमें निज्जर को एक आरोपी के रूप में नामित किया गया था। उसकी केस फाइलों के डॉक्यूमेंटेशन को पूरा करने के लिए जांच अधिकारियों को दिल्ली में अदालत के समक्ष निज्जर का डेथ सर्टिफिकेट रखना होगा, यही कारण है कि उन्होंने पारस्परिक कानूनी सहायता संधि (एमएलएटी) के तहत करीब 6 महीने पहले कनाडाई सरकार से उसका मृत्यु प्रमाण पत्र साझा करने के लिए कहा है। लेकिन इसे देने के बजाय उन्होंने इसकी जरूरत के बारे में पूछा, अब उन्हें इस पर जवाब भेजे जाएंगे। हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से ही भारत और कनाडा के संबंधों में तेजी से गिरावट देखने को मिलने लगी थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने अपनी संसद में भारत सरकार का नाम लेकर उन पर आरोप लगाया था। भारत ने इन आरोपों को बेतुका और राजनीति से प्रेरित कहकर खारिज कर दिया था। कनाडा में ट्रूडो सरकार के ऊपर कनाडाई नागरिक बनकर बैठे खालिस्तानी आतंकियों को संरक्षण देने का आरोप लगता है। हाल ही में निज्जर को लेकर उन्होंने भारतीय उच्चायुक्त को भी कटघरे में खड़ा कर दिया, जिसके बाद भारत सरकार ने अपने राजनयिकों को कनाडा से वापस बुला लिया और कनाडा के राजनयिकों को देश के निष्कासित कर दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129